RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018



दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक






# 9 दिन बाद सुरंग से दो श्रमिकों को बचाया गया

## नेपाल में बाढ़ के बाद बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन

नई दिल्ली

नेपाल में त्रिशूली नदी में अचानक आई बाढ़ के नौ दिन बाद त्रिशूली 3ए जलविद्युत परियोजना की सुरंग से दो श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। नेपाल सेना के जनसंपर्क निदेशालय के अनुसार, बचाए गए श्रमिकों की पहचान काठमांडू निवासी कबीर महार्जन (45) और सप्तरी जिले के रहने वाले संजय साह (30) के रूप में हुई है। महार्जन परियोजना में यांत्रिक पर्यवेक्षक, जबकि साह फोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। महार्जन की हालत गंभीर बताई गई है और उन्हें हवाई मार्ग से काठमांडू ले जाया गया है, जबकि साह का नुवाकोट के त्रिशूली अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### महार्जन को गंभीर हालत में काठमांडू ले जाया गया

महार्जन की पत्नी ने कहा कि उनके पति को दूसरी जिंदगी मिली है। उन्होंने बचाव अभियान में अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने वाले बचावकर्मियों का आभार जताया।

समाचार पत्र 'काठमांडू पोस्ट' ने उनकी पत्नी हीरा शोभा के हवाले से बताया कि परिवार लंबे समय से उनके लौटने का इंतजार कर रहा था। उन्होंने कहा, वह दूसरी जिंदगी लेकर लौटे हैं। हम बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने पति को देखने अस्पताल जा रही हैं और बचाव अभियान में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद किया।

### साह ने बताया- नियंत्रण कक्ष में कर रहे थे काम

सुरंग से बाहर निकाले जाने के बाद साह ने नेपाली सेना की चिकित्सा टीम को बताया कि हादसे के समय वह नियंत्रण कक्ष में काम कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं नियंत्रण कक्ष में काम कर रहा था। मेरी जिम्मेदारी सभी की जान बचाना थी। साह के मुताबिक, हादसे के बाद उन्होंने सभी लोगों से बाहर निकलने के लिए कहा, लेकिन जब तक अन्य लोग बाहर निकले, तब तक उनके लिए बचकर निकल पाना मुश्किल हो गया था।

### सुरंग में अब भी लोगों के फंसे होने की आशंका

साह ने आशंका जताई कि सुरंग के भीतर अब भी कुछ लोग फंसे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने आसपास तीन या चार लोगों के बारे में सुना था या उनसे बात की थी। उनके अनुसार, सुरंग के और भीतर तथा बिजलीघर के आसपास के हिस्से में भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा, हो सकता है कि सभी लोग बाहर नहीं निकल पाए हों। सुरंग बहुत लंबी है। साह ने आशंका जताई कि बाढ़ के पानी का तेज बहाव लोगों को सुरंग के भीतर और गहराई तक बहाकर ले गया होगा।

### 600 से अधिक लोग लापता

नेपाल के स्वतंत्र बिजली उत्पादक संघ के अनुसार, 11 जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले 600 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। इस बाढ़ में जान गंवाने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 1,282 हो गई, जबकि 4,700 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट 26 अगस्त को बर्फ और चट्टानों के हिमस्खलन के कारण आई इस बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के कई कस्बों और गांवों में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है।



# नेपाल की तबाही में भारत बना सबसे बड़ा सहारा

## 5 खेप में 74 टन राहत भेजी; डॉक्टर, रेस्क्यू एक्सपर्ट और फोरेंसिक टीम भी पहुंचाई

नई दिल्ली/काठमांडू।

नेपाल में ग्लेशियर टूटने के बाद आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। नेपाल और चीन के तिब्बत क्षेत्र में इस आपदा से 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। शहरों, सड़कों, पुलों और कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स को भारी नुकसान पहुंचा है। बाढ़ के कुछ घंटों के भीतर ही भारत ने राहत सामग्री भेजनी शुरू कर दी थी। 3 सितंबर तक भारत पांच खेप में कुल 74 टन राहत सामग्री भेज चुका है, जिसमें करीब 5 टन जरूरी दवाइयां शामिल हैं।

भारत की मदद सिर्फ राहत सामग्री तक सीमित नहीं रही। डॉक्टर, पैरामेडिक्स, बचाव दल, सुरंग विशेषज्ञ, बेली ब्रिज और फोरेंसिक एक्सपर्ट भी नेपाल भेजे गए हैं।

यानी सुरंगों में फंसे लोगों की तलाश से लेकर शवों की ध्ह्व जांच और पुनर्निर्माण तक भारत कई मोर्चों पर नेपाल की मदद कर रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने भी संसद में भारत की सहायता के लिए धन्यवाद दिया है।

**भारत की मदद से बना अस्पताल बाढ़ पीड़ितों के लिए बना सहारा**-नेपाल के नुवाकोट में नेपाल-भारत मैत्री भवन बाढ़ के बाद लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आया है। इस इमारत में आयुर्वेद और वैकल्पिक अस्पताल भी है।

# बडगाम में एक आतंकी ढेर

## दूसरे आतंकी की तलाश जारी; एक एक राइफल भी मिली

नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के जंगल में शुक्रवार को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में एक आतंकी मारा गया। चिनार कॉर्प्स ने एक्स पोस्ट पर इस ऑपरेशन की जानकारी दी है।

यह ऑपरेशन जंगल के अंदर अशदार गली इलाके में चलाया गया। सुरक्षाबलों को यहां एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। उसकी तलाश जारी है।

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, मारे गए आतंकी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। हालांकि, मौके से एक,्य राइफल बरामद की गई है। यह मुठभेड़ घाटी में करीब 2 महीने बाद हुई है।

पिछला एनकाउंटर 9 जुलाई को शोपियां के चानपोरा में हुआ था। सेना ने लश्कर के 2 आतंकी मार गिराए थे, दोनों आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप ऑपरेटिव थे।

### पुलवामा से बडगाम आने की खबर मिली थी

सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों के एक संदिग्ध ग्रुप के पुलवामा जिले के पाखेरपोरा से बडगाम के यूसमर्ग की ओर बढ़ने की खबर मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। चिनार कॉर्प्स ने एक्स पर बताया कि पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने बडगाम के अशदार गली में जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया।

### जवानों को देखकर आतंकियों ने फायरिंग की

चिनार कॉर्प्स के मुताबिक, गुरुवार शाम को जवानों ने इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी। इसके बाद संदिग्ध आतंकियों से सरेंडर के लिए कहा गया। जिसके बाद आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच तेज गोलीबारी हुई। जिसमें एक आतंकी मारा गया।

# भारत के पास दुनिया की कार्यशाला, हमारे पास वैश्विक बाजार : बेल्जियम के पीएम

नई दिल्ली

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर शुक्रवार को मुंबई पहुंचे। महाराष्ट्र सरकार के विपणन और प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल ने मुंबई हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। इसके बाद बेल्जियम के प्रधानमंत्री बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित भारत डायमंड बोर्स (बीडीबी) पहुंचे, जहां उन्होंने हीरा उद्योग, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों और हितधारकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत और बेल्जियम के बीच हीरा व्यापार समेत व्यापक आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

### आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर जोर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि बेल्जियम के प्रधानमंत्री के मुंबई दौरे के दौरान हीरा उद्योग, पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों तथा हितधारकों के साथ उनकी महत्वपूर्ण बैठकें निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों और चर्चाओं से भारत और बेल्जियम के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार और निवेश के नए अवसरों को बढ़ावा देने में मदद मिलने की उम्मीद है।



### भारत को बताया दुनिया की डायमंड वर्कशॉप

भारत डायमंड बोर्स में संबोधन के दौरान बार्ट डी वेवर ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भारत कम लागत वाले डायमंड कटिंग केंद्र से आगे बढ़कर उच्च गुणवत्ता वाले केंद्र के रूप में उभरा है। यहां आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय कामकाज के मानकों को अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के हर 10 में से 9 से अधिक हीरे भारत में काटे और तराशे जाते हैं। भारत अब केवल हीरों की प्रोसेसिंग करने वाला देश नहीं है, बल्कि हीरे के आभूषणों के लिए दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी है। उन्होंने कहा कि भारत में हीरों की कटिंग और पॉलिशिंग के साथ-साथ घरेलू स्तर पर इन उत्पादों के लिए बड़ा बाजार भी मौजूद है।

# जैसलमेर में रामदेवरा भादवा मेले में हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था, 200 से ज्यादा कैमरों से होगी निगरानी

**जयपुर.** बाबा रामदेव का प्रसिद्ध भादवा मेला प्रशासनिक रूप से शुरू हो गया है. मेले के दौरान देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामदेवरा पहुंच रहे हैं. वर्तमान में औसतन प्रतिदिन ढाई से तीन लाख लोग बाबा की समाधि के दर्शन कर रहे हैं. इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए मेले में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है. भीड़ के बीच किसी भी तरह की अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि को रोकने के लिए ग्राम पंचायत रामदेवरा की ओर से पूरे मेला परिसर में 200 से अधिक कैमरे लगाए गए हैं. इनमें 65 एआई कैमरे भी शामिल हैं. इन कैमरों



के जरिए मेले में आने-जाने वाले लोगों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार नजर रखी जाएगी. ग्राम पंचायत की ओर से की गई इस हाईटेक व्यवस्था का उद्देश्य चोरी, उठाईगिरी, जेब कटिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखना है.

नवयत्न कोबरी पोस्ट




# वृंदावन धाम में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

## पंच पेड़ पर मौली-नारियल बांधकर मांगी मन्नत, पुरुषोत्तम कुंड में लगाई आस्था की डुबकी

अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)** सुलताना के भड़ौंदा कलां स्थित वृंदावन धाम में तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही धाम में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए और भगवान कृष्ण के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। बाबा पुरुषोत्तम आश्रम के पास स्थित पंच पेड़ पर श्रद्धालुओं ने मौली और नारियल बांधकर मनोकामना मांगी। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मन्नत पूरी होती है। वहीं पुरुषोत्तम कुंड में श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला भी जारी रहा। कई श्रद्धालुओं ने बाल गोपाल को झूला झुलाकर पूजा-अर्चना की। महोत्सव का मुख्य आयोजन रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के रूप में हुआ। भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। वृंदावन धाम को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के चलते पूरे धाम में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।



**जलाभिषेक से हुई कार्यक्रमों की शुरुआत**-श्री बिहारीजी मित्र मंडल की ओर से आयोजित महोत्सव में सुबह जलाभिषेक किया गया। इसके बाद श्री पुरुषोत्तमदास बाबा का संगीतमय मंगल पाठ हुआ। इसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए।

आयोजन समिति के कैलाश सुल्तानिया ने बताया कि शाम को मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन होगा। कोलकाता से आए प्रसिद्ध भजन गायक श्रद्धालुओं को कृष्ण भक्ति के रंग में रंगेंगे।



# श्रीनगर एयरपोर्ट पर इंडिगो प्लेन पोल से टकराया

## पार्किंग में ले जाते वक्त हादसा

नई दिल्ली

श्रीनगर एयरपोर्ट पर इंडिगो का विमान 6श्व 225 पार्किंग के दौरान खंभे से टकरा गया। फ्लाइट शुक्रवार सुबह नवी मुंबई से श्रीनगर पहुंची थी। घटना करीब सुबह 9 बजे बे नंबर-6 पर विमान को पार्क करते समय हुई। विमान में सवार सभी 200 यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद यात्रियों और क्रू को मैनुअल एयरक्राफ्ट सीढ़ियों की मदद से विमान से सुरक्षित उतारा गया। हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। फिलहाल श्रीनगर एयरपोर्ट का संचालन सामान्य है और सभी फ्लाइट्स निर्धारित समय के अनुसार चल रही हैं।



विमान जिस खंभे से टकराया, वह विजुअल डॉकिंग गाइडेंस सिस्टम का हिस्सा है। यह सिस्टम विमान को पार्किंग बे में सही जगह लाने और सुरक्षित तरीके से पार्क कराने में मदद करता है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्माष्टमी का पर्व

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र को फूलों से सजाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा यशोदा और श्रीकृष्ण की जीवंत झांकी। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने यशोदा का रूप धारण कर बाल कृष्ण को अपने हाथों से माखन-मिश्री खिलाई। इस भावपूर्ण दृश्य को देखकर पूरा हाल-नंद घर आनंद भयो के जयकारों से गूंज उठा। सेवाकेंद्र संचालिका बी.के. सुप्रभा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संदेश है। उन्होंने कहा जैसे श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है, मन के विकारों पर विजय पाओए वैसे ही आज हमें भी अपने अंदर के अहंकार रूपी कंस को मारकर 16 कला संपूर्ण बनना है। सच्ची जन्माष्टमी तभी है, जब हमारे अंदर श्रीकृष्ण जैसे गुण धारण हों। इस अवसर रामकिशन जांगिड़, लक्ष्मी नारायण सोनी, ताराचंद जांगिड़, सीताराम शर्मा, मदनलाल सेन, अमरदीप शर्मा, मदन लाल प्रजापत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जन्माष्टमी पर मंदिर में गैस सिलेंडर में लगी आग

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जन्माष्टमी के मौके पर शुक्रवार को मुहाना स्थित इस्कॉन मंदिर में गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मंदिर परिसर में भट्टी जलाते समय अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग की लपटें वीआईपी पंडाल तक पहुंच गईं। हादसे के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिससे हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही मुहाना थाने में तैनात कांस्टेबल कान सिंह ने साहस का परिचय देते हुए आग के बीच पहुंचकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्होंने जलते हुए गैस सिलेंडर को उठाकर परिसर से बाहर फेंक दिया। आसपास कई अन्य गैस सिलेंडर रखे होने के कारण आग के फैलने और बड़े हादसे का खतरा था, लेकिन कांस्टेबल की सूझबूझ से स्थिति बिगड़ने से बच गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस और दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोक लिया गया। इससे मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं की जान पर मंडरा रहा बड़ा खतरा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कांस्टेबल कान सिंह ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग के बीच जाकर श्रद्धालुओं को बाहर निकाला और जलते सिलेंडर को परिसर से बाहर फेंका। उनकी इस बहादुरी और त्वरित कार्रवाई की मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की। जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री का शुक्रवार शाम इस्कॉन मंदिर आने का कार्यक्रम भी प्रस्तावित बताया गया है। मुख्यमंत्री के दौरे से पहले मंदिर परिसर में आग की घटना के बाद प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं।

## किराए के विवाद में की मकान मालिक की हत्या

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर थाना क्षेत्र में मकान खाली करने और बकाया किराए को लेकर हुए विवाद में किराएदार ने मकान मालिक के सिर पर सीमेंट की ईंट से वार कर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी किराएदार को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी सतीशचंद्र ने बताया कि रजत पथ निवासी दीपक कुलश्रेष्ठ ने मध्यम मार्ग स्थित अपना मकान महेश शर्मा को करीब तीन वर्ष से किराए पर दे रखा था। मकान खाली कराने और किराए के भुगतान को लेकर दोनों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। इसके चलते महेश ने बुधवार को मकान खाली कर दिया था। इसके बाद गुरुवार देर शाम वह मकान की चाबी देने पहुंचा। इसी दौरान बकाया किराए और मकान खाली करने की बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच हाथापाई हो गई। इसी दौरान महेश ने मकान के चौक में पड़ी सीमेंट की ईंट उठाकर दीपक के सिर पर वार कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से दीपक लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गए। आरोपी उन्हें मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दीपक के काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिचित उन्हें तलाशते हुए मध्यम मार्ग स्थित मकान पर पहुंचे। वहां दीपक लहूलुहान हालत में पड़े मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें जयपुरिया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ पुलिस ने अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की। परिजनों की रिपोर्ट पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जा रहा है। मानसरोवर थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जेसीबी की खुदाई में टूटी गैस पाइपलाइन में रिसाव से मचा हड़कंप

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** झोटवाड़ा थाना इलाके के कमानी मोड़ चौराहे पर शुक्रवार दोपहर जेसीबी से खुदाई के दौरान टोरंट गैस की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन टूटते ही गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की है। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही पुलिस, सिविल डिफेंस की टीम और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। किसी भी तरह की अनहोनी की आशंका को देखते हुए आसपास का यातायात डायवर्ट कर दिया गया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस और प्रशासन ने तत्काल गैस कंपनी को सूचना दी। इसके बाद कंपनी की ओर से गैस की सप्लाई बंद करवाई गई, जिससे रिसाव को नियंत्रित करने की कार्रवाई शुरू की जा सकी। थानाधिकारी रेजल सिंह ने बताया कि गैस सप्लाई बंद होने के बाद करीब आधे घंटे की मशक्कत में रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया। समय रहते गैस सप्लाई बंद कराने और पुलिस-प्रशासन की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। रिसाव नियंत्रित होने के बाद पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के दौरान एहतियात के तौर पर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी गई।

# पाइपलाइन में अवैध जल कनेक्शनों के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर से ग्राम गाजुवास तक करीब 17 किलोमीटर लंबी सार्वजनिक पेयजल पाइपलाइन होने के बावजूद गाजुवास एवं गडाणा के ग्रामीणों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल नहीं मिल रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पाइपलाइन में संचालित अवैध जल कनेक्शनों के स्थान पर विरोध प्रदर्शन किया तथा जिला प्रशासन से पूरी पाइपलाइन की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच करवाने की मांग की। ग्रामवासियों ने बताया कि पाइपलाइन के पूरे मार्ग में जल कनेक्शनों की विभागीय रिकॉर्ड से जांच की जाए और यह पता लगाया जाए कि कौन-कौन से कनेक्शन स्वीकृत हैं। तथा किन कनेक्शनों के संबंध में विभागीय अनुमति एवं रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने पाइपलाइन में किसी प्रकार के अवैध छेद, बाईपास, अतिरिक्त शाखा, अवैध वाल्व अथवा अन्य छेड़छाड़ की भी मौके पर जांच करवाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में पुरखाराम सहारण, धनपत सहारण, उदयभान श्योराण, जुगलाल पांडिया, प्रतापसिंह सहारण, शुभकरण, मनीराम, राजेराम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि जब 17 किलोमीटर लंबी सार्वजनिक पाइपलाइन के माध्यम से गांवों तक पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था है तो अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के वास्तविक कारण की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की कि जांच केवल कागजी रिपोर्ट तक सीमित न रखकर तारानगर से गाजुवास एवं गडाणा तक पूरी पाइपलाइन का मौके पर तकनीकी निरीक्षण करवाया जाए तथा जल प्रवाह और दबाव की जांच के साथ सभी कनेक्शनों का विभागीय रिकॉर्ड से मिलान करवाया जाए। एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि पेयजल आमजन की मूलभूत आवश्यकता है। इसलिए समस्या का वास्तविक कारण सामने लाकर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा समस्या का स्थायी समाधान होने तक ग्रामीणों को आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाया जाए।

## डम्पर पलटने से चालक घायल



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** गत रात्रि को डूंगर बालाजी से गोपालपुरा के बीच एक डम्पर पलट गया, जिसको करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत से ग्रामीणों की मदद से दो तीन जेसीबी से सीधा किया गया। फिर 108 एम्बुलेंस, भँवरलाल, त्रिलोकराम, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार आदि की मदद से अस्पताल की इमरजेंसी में घायल को भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। घायल चालक किशन सिंह पुत्र उम्मेद सिंह राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी बोबासर बिदावतान का निवासी है। मौके पर सदर पुलिस सुजानगढ़ से हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे तथा रास्ता खुलवाया।

## हम फिर से कांग्रेस का बोर्ड बनायेंगे : मनोज मेघवाल

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय लुहारगाड़ा स्थित वार्ड नंबर 25 की कांग्रेस प्रत्याशी मधु बागरेचा के चुनावी कार्यालय का कांग्रेस जिला अध्यक्ष और विधायक मनोज मेघवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक मनोज मेघवाल ने वार्ड नंबर 40 में कांग्रेस की टिकट खाली छोड़े जाने और वार्ड नंबर 41 में कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा नामांकन को वापस उठाए जाने के सवाल का भी जवाब दिया। उन्होने कहा कि टिकट कटने से कुछ लोगो में नाराजगी थी, वो तात्कालिक है, जो धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। टिकटें खाली छोड़े जाने के बारे में विधायक ने कहा कि इस बार अलग प्रकार की रणनीति चुनाव में लगाई गई है। और हम फिर से कांग्रेस का बोर्ड बनाने में कामयाब होंगे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी मधु बागरेचा ने कहा कि वार्ड का विकास ही मेरा लक्ष्य है और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने विपक्षी प्रत्याशी द्वारा हैट्रिक पार्षद को उखाड़ फेंकने के दावे के सवाल पर कहा कि इसका जवाब वार्ड की जनता अपने आप देगी। कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर पूर्व चेयरमैन सिकंदर अली खिलजी, एडवोकेट सुरेश शर्मा, सुनील सड़ूवाला, विद्याधर बेनीवाल, ऊषा बागड़ा, घनश्याम तंवर, मुकुल मिश्रा, डॉ. करणीदान चारण सहित अनेक लोग मौजूद रहे। अपने वक्तव्य में कांग्रेस नेता विद्याप्रकाश बागरेचा बार-बार भावुक हुए और कहा कि मेरे वार्ड के लोग ही मेरा सब कुछ हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के मतदाता मौजूद रहे।

## अपहरण-फिरौती का मास्टरमाइंड दुबई में पकड़ा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** व्यापारी नरेन्द्र नाथ दत्ता के अपहरण और करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे मास्टरमाइंड करण आसवानी उर्फ कमल सिंधी को राजस्थान एजीटीएफ ने इंटरपोल की मदद से दुबई से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को लेकर एजीटीएफ की टीम गुरुवार देर रात जयपुर पहुंची। मामले में उसके तीन साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एडीजी एटीए-एएनटीएफ एवं एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि करण आसवानी के दुबई में छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद एजीटीएफ ने उसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तलाश शुरू की। आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस आरसीएन जारी कराया गया। इसके बाद यूएई के अबू धाबी स्थित इंटरपोल से लगातार संपर्क और समन्वय किया गया। आरोपी के डिटेन होने की सूचना मिलने के बाद उसे भारत लाने की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। 31 अगस्त को एएसपी सिद्धांत शर्मा के नेतृत्व में एजीटीएफ की टीम जयपुर से दुबई रवाना हुई। टीम में डीएसपी रविंद्र प्रताप, पुलिस निरीक्षक सुनील जांगिड़ और राम सिंह नाथावत शामिल थे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और समन्वय पूरा करने के बाद टीम करण आसवानी को अपने कब्जे में लेकर गुरुवार देर रात जयपुर पहुंची। उन्होंने बताया कि खोह नागोरियान थाने में 21 अगस्त 2025 को व्यापारी नरेन्द्र नाथ दत्ता के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। परिवाद के अनुसार नरेन्द्र नाथ दत्ता 20 अगस्त को जयपुर स्थित अपने घर से वैशाली नगर जाने के लिए निकले थे। उनके साथ परिचित और कार चालक भी था। बाद में मोबाइल बंद आने पर परिजनों को चिंता हुई। अगले दिन उनके मोबाइल से फोन कर बताया गया कि नरेन्द्र नाथ दत्ता का अपहरण कर लिया गया है। और उनकी रिहाई के लिए फिरौती की रकम की व्यवस्था करने को कहा गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहृत व्यापारी नरेन्द्र नाथ दत्ता और उनके चालक योगेश को सुरक्षित छुड़ा लिया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पुलिसकर्मी की वर्दी पहनकर नरेन्द्र नाथ दत्ता सहित अन्य लोगों का अपहरण किया था। अपहृत लोगों को अलग-अलग स्थानों पर बंधक बनाकर रखा गया था। जांच के दौरान पुलिस ने हर्ष गौतम, कनक गांगुली और अजय बेनीवाल उर्फ शाका को गिरफ्तार किया। हर्ष गौतम के कब्जे से अपहृत व्यक्तियों की इनोवा क्रिस्टा बरामद की गई। वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट कार भी पुलिस ने जब्त की। जांच में आगरा सहित अन्य स्थानों पर अपहृत लोगों को बंधक बनाकर रखने की जानकारी सामने आई। जांच में करण आसवानी की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दीए लेकिन वह लगातार फरार रहा। पुलिस जांच में उसके संगठित अपराध के सिंडिकेट से जुड़े होने की जानकारी सामने आई। न्यायालय से उसके खिलाफ वारंट जारी कराया गया। तलाश तेज होने के बाद पता चला कि करण देश छोड़कर दुबई भाग गया है। इसके बाद एजीटीएफ ने इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी तलाश शुरू की और आखिरकार उसे दुबई में पकड़ लिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार करण आसवानी उर्फ कमल सिंधी का आपराधिक इतिहास करीब ढाई दशक पुराना है। वर्ष 2000 में मुरलीपुरा थाने में उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस अब जयपुर लाकर उससे अपहरण, फिरौती और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में पूछताछ कर रही है।

## यादव समाज की संस्कार संगोष्ठी 6 सितंबर को

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** यादव समाज में संस्कार, एकता, प्रेम, सम्मान और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कार परिवर्तन द्वारा स्वर्णिम संसार विषय पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन 6 सितंबर को जयपुर में होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जी.एल. यादव ने बताया कि संगोष्ठी रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रभु निधि सभागार, राजयोग भवन, वैशाली नगर में आयोजित होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सुषमा दीदी होंगी। आयोजकों के अनुसार संगोष्ठी का उद्देश्य यादव समाज में संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ सामाजिक एकता, आपसी प्रेम, सम्मान और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करना है। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, वैशाली नगर, जयपुर की ओर से किया जा रहा है।

## अल्पसंख्यक समाज आए भाजपा के साथ : कुलदीप



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने कहा है, कि अल्पसंख्यक समाज को भाजपा के साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावी रिजल्ट में भाजपा की 40 सीट जीतकर बोर्ड बनायेगी, ऐसे में अल्पसंख्यक समाज को भी भाजपा के साथ मिलकर सुजानगढ़ के विकास में भागीदार बनना चाहिए। बाबूलाल कुलदीप ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बदलने के साथ ही कांग्रेस का आम जनता के साथ समन्वय लगातार टूटता चला गया। उन्होंने कहा कि मैंने तीन चार महीने पहले ही दावा कर दिया था कि अल्पसंख्यक समाज धीरे-धीरे कांग्रेस से दूर होता जा रहा है। ऐसे में इस चुनाव में अल्पसंख्यक समाज ने स्पष्ट रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष से खिलाफत जाहिर की है। कुलदीप ने कहा कि मेरी अपील रहेगी कि अल्पसंख्यक समाज को भाजपा के साथ आकर सुजानगढ़ के विकास के नए आयाम स्थापित करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा पूर्ण बहुमत से भाजपा का इस बार नगर परिषद में बोर्ड बनने जा रहा है और हम बोर्ड बनने के साथ ही सुजानगढ़ की बड़ी समस्याओं का समाधान करवाने तथा अब तक हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाने का काम करेंगे। आपको बता दें कि वार्ड 40 में कांग्रेस नेता फारूक भूट्टा का टिकट कटने के बाद अल्पसंख्यक समाज के कुछ लोगों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल से नाराजगी जाहिर की थी। इसी नाराजगी को लेकर कुलदीप ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।

## बाल स्वरूप का दुग्धाभिषेक कर पहनाई पीले रंग की पोशाक

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** देशभर के साथ जयपुर में शुक्रवार को जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। छोटी काशी के आराध्य श्री गोविंददेवजी सहित शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। आमतौर पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव रात 12 बजे मनाया जाता है, लेकिन जयपुर के चौड़ा रास्ता स्थित श्री राधा दामोदर मंदिर में कान्हा का जन्म दोपहर 12 बजे हुआ।

करीब 500 साल पुरानी वृंदावन परंपरा के अनुसार यहां भगवान के बाल स्वरूप का प्राकट्य दिन में मनाया जाता है। मंदिर में जन्मोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। दोपहर 12 बजे मंत्रोच्चारण के बीच ठाकुर जी का दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद उन्हें नई पीले रंग की पोशाक धारण कराकर झूले में विराजमान कराया गया। विशेष पूजा-अर्चना के बाद पंचामृत और पंजीरी का भोग लगाया गया। जन्मोत्सव के दौरान महिला श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए और मंदिर परिसर हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर के महंत मलय गोस्वामी ने बताया कि राधा दामोदर जी भगवान श्रीकृष्ण के करीब ढाई वर्ष के बाल स्वरूप के विग्रह हैं।

इसी वजह से यहां रात 12 बजे के बजाय दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव मनाने की परंपरा है। यह परंपरा करीब 500 साल पहले वृंदावन में शुरू हुई थी, और आज भी उसी विधि से निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि करीब 500 साल पहले वृंदावन में सनातन गोस्वामी और रूप गोस्वामी भाइयों ने ठाकुरजी के विग्रह की सेवा-पूजा की परंपरा शुरू की थी। बाद में सेवा की जिम्मेदारी उनके भतीजे जीव गोस्वामी को दी गई। भगवान के बाल स्वरूप को देखते हुए गोस्वामी परिवार ने दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव मनाने की परंपरा तय कीए जो अब तक चली आ रही है। महंत के अनुसार राधा दामोदर जी का विग्रह करीब 500 साल पुराना है और लगभग 300 साल पहले इसे वृंदावन से जयपुर लाया गया था। तभी से जयपुर में भी वृंदावन की परंपरा के अनुरूप ठाकुरजी की सेवा-पूजा की जा रही है। जन्माष्टमी पर मंदिर में सुबह 5:30 बजे मंगला दर्शन हुए। इसके बाद सुबह 7:30 से 10:30 बजे तक श्रृंगार दर्शन कराए गए। सुबह 11 बजे जन्माष्टमी व्रत कथा हुई और दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव शुरू हुआ।

श्रद्धालुओं को जगमोहन में विशेष झांकी के दर्शन कराए गए। मंदिर में शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक नंदोत्सव मनाया गया। बाल स्वरूप होने के कारण रात 11 बजे ठाकुर जी को शयन कराया गया। इसके बाद गोस्वामी परिवार की ओर से गोविंद देव जी के अभिषेक की परंपरा निभाई गई। इस तरह राधा दामोदर मंदिर में दिन में बाल कृष्ण का जन्मोत्सव और रात में गोविंद देव जी के प्राकट्य उत्सव की परंपरा का निर्वहन किया गया।

## सूनी हवेली में चोरों ने किया हाथ साफ



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय सरकारी अस्पताल के पीछे सेठिया बास में छत के रास्ते आए चोरों ने एक पुरानी हवेली में घुसकर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक मनोज सुराणा ने बताया कि उनका परिवार दिल्ली में रहता है, जहां उनका व्यापार है। गुरुवार की शाम पीछे के मकान में रहने वाले पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि आपकी हवेली के ऊपर बने कमरे और नीचे रसोई के ताले टूटे हुए हैं। शुक्रवार को सुराणा परिवार ने आकर घर संभाला तो सात कमरों के ताले टूटे हुए मिले। जिनमें रखी पांच आलमारियों को तोड़कर चोर कीमती सामान चुरा ले गए। सुराना ने बताया कि 200 नए पुराने चांदी के सिक्के, जरी की कीमती 11 साड़ियांए 21 कांचली, एंटीक पुराने नोटों की गड्डियां समेत चोर कीमती सामान चुरा ले गए। चोरी की सूचना पर कोतवाली थाने के एसआई पप्पूराम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

## मतदान केन्द्रों का हुआ अंतिम प्रकाशन, मतदान हेतु किया अधिग्रहित

**चूरू (नवयत्न)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर जिले के नगर निकाय आम चुनाव-2026 के मध्यनजर जिले के सभी नगरनिकायों में मतदान केन्द्रों का अंतिम प्रकाशन कर मतदान हेतु अधिग्रहित किया है। जारी आदेशानुसार चूरू जिले में नगरीय निकायों के आम चुनाव-2026 के लिए नगर परिषद चूरू, सुजानगढ़ तथा नगरपालिका-राजगढ़, रतननगर, छापर के चुनाव हेतु प्रथम चरण में मतदान दिनांक 09 सितंबर, 2026 को तथा नगरपरिषद् सरदारशहर, नगरपालिका तारानगर, साहवा, रतनगढ़, राजलदेसर एवं बीदासर के चुनाव हेतु द्वितीय चरण में मतदान दिनांक 11 सितंबर, 2026 को होने है। चुनाव हेतु मतदान केन्द्रों का अन्तिम प्रकाशन शुक्रवार को किया जा चुका है। चुनाव हेतु अन्तिम प्रकाशित मतदान केन्द्रों के भवनों को प्रथम चरण की नगरीय निकायों के मतदान केन्द्रों को दिनांक 08 से 09 सितंबर, 2026 तक तथा द्वितीय चरण के नगरीय निकायों के मतदान केन्द्रो को दिनांक 10 से 11 सितंबर, 2026 तक चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक के लिए राजस्थान नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 76 के अन्तर्गत अधिग्रहित किया गया है। इसी क्रम में अंतिम प्रकाशित मतदान केन्द्रों के प्रकाशन की सूचना संबंधित नगरनिकाय के रिटर्निंग ऑफिसर नोटिस बोर्ड, नगरनिकाय कार्यालय नोटिस बोर्ड, संबंधित वार्ड में कम से कम दो प्रमुख सहजदृश्य स्थानों पर, सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बीएल संतोष का भाजपा संगठन को संदेश, कमजोर प्रत्याशी भी हो तो नहीं छोड़ेंगे साथ

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में निकाय चुनाव के बीच भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने शुक्रवार को प्रदेश संगठन की चुनावी तैयारियों का बारीकी से हेल्थ चेक किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में निकाय चुनाव संचालन समिति की बैठक में जिलेवार प्रभारियों से चुनावी स्थिति का फीडबैक लिया गया। टिकट वितरण के बाद उपजे असंतोष, बागियों और निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और चुनावी प्रबंधन पर विस्तार से मंथन हुआ। बैठक में संतोष ने साफ संदेश दिया कि प्रत्याशी कमजोर हो तब भी पार्टी अपने अधिकृत प्रत्याशी का साथ नहीं छोड़ेगी। स्थानीय समीकरण या बोर्ड बनाने की संभावना के नाम पर निर्दलीय को समर्थन देने का सवाल ही नहीं है।

### अधिकृत प्रत्याशी के पीछे लगाएं पूरी ताकत

बैठक में एक नेता की ओर से कुछ परिस्थितियों में बोर्ड बनाने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन करने का सुझाव दिया गया। इस पर संतोष ने स्पष्ट किया कि किसी स्थानीय समीकरण के लिए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को कमजोर नहीं किया जा सकता। संगठन की पूरी ताकत अधिकृत प्रत्याशी के पीछे लगनी चाहिए। टिकट वितरण के बाद जहां बगावत और नाराजगी सामने आई है, वहां डैमेज कंट्रोल और कार्यकर्ताओं को फिर से प्रत्याशी के पक्ष में लामबंद करने पर भी जोर दिया गया।

### सांसदों की निष्क्रियता पर जताई नाराजगी

बैठक में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कुछ सांसदों की निकाय चुनाव में अपेक्षित सक्रियता नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर संतोष ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका है। और उन्हें पूरी तरह चुनावी गतिविधियों में सहयोग करना चाहिए। चुनाव में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इससे साफहै कि केंद्रीय संगठन ने स्थानीय चुनाव में सांसदोंए विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की सक्रियता को भी निगरानी के दायरे में रखा है।

### निकाय से पंचायतीराज और 2028 तक रोडमैप

संतोष का जयपुर दौरा केवल निकाय चुनाव तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित प्रमुख नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कर संगठन और सरकार के बीच तालमेल, बूथ स्तर की स्थिति और चुनावी तैयारियों का फीडबैक लिया। प्रदेश महामंत्रियों और प्रमुख पदाधिकारियों से भी संगठन की स्थिति पर जानकारी ली गई। निकाय चुनाव संचालन समिति की बैठक में मौजूदा चुनावी स्थिति की समीक्षा के साथ आगे होने वाले पंचायतीराज चुनाव और 2028 विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रोडमैप पर भी मंथन हुआ। मंत्रियों और विधायकों की अपने.अपने क्षेत्रों में सक्रियता, कार्यकर्ताओं से संवाद और सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचने की स्थिति भी समीक्षा के दायरे में रही।

### युवा-महिला सम्मेलन से सामाजिक समीकरण साधेगी भाजपा

पार्टी ने चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं में युवा और महिला सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष एससी-एसटी सम्मेलन भी होंगे। इनके जरिए अलग-अलग सामाजिक वर्गों तक सीधा संपर्क बढ़ाने, पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने और स्थानीय स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की रणनीति तैयार की गई है।

### हर चुनाव महत्वपूर्ण, कार्यकर्ता केंद्र में

बैठक के बाद निकाय चुनाव प्रभारी प्रभुलाल सैनी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य निकायों में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना है। डबल इंजन की सरकार के बाद स्थानीय निकायों में भाजपा के बोर्ड बनाना प्राथमिकता है। चुनाव सह प्रभारी शंकर सिंह राजपुरोहित ने कहा कि हर चुनाव में संगठन प्रभारियों की व्यवस्था करता है और वार्ड का पार्षद संगठन की सबसे निचली, लेकिन महत्वपूर्ण कड़ी है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि यह संगठनात्मक बैठक है और वरिष्ठ नेताओं के निर्देश के अनुसार कार्यकर्ता चुनाव में जुटेंगे। वरिष्ठ नेताओं की सक्रियता को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी लोग चुनाव में लगे हुए हैं। और जहां कोई कमी होगी, संगठन उसे अपने स्तर पर ठीक करेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, निकाय चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, चुनाव संचालन समिति के सदस्य और केंद्रीय प्रभारी-सह प्रभारी मौजूद रहे। राजेंद्र राठौड़, अशोक परनामी, राजेंद्र गहलोत, अरुण चतुर्वेदी, प्रभुलाल सैनी और लालचंद कटारिया सहित समिति के सदस्यों ने भी चुनावी स्थिति का फीडबैक दिया। संतोष के दौरे और बैठकों से भाजपा का संदेश साफहै। निकाय चुनाव में टिकट से लेकर बूथ तक संगठन किसी भी स्तर की ढिलाई नहीं चाहता। अधिकृत प्रत्याशी, बागियों पर नियंत्रण और वरिष्ठ नेताओं की सक्रियता के बाद अब नजर चुनावी नतीजों पर होगी।

### प्रवक्ताओं को भी सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का संदेश

पार्टी के प्रवक्ताओं और पैनलिस्ट के साथ संवाद में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। भाजपा निकाय चुनाव को स्थानीय सत्ता हासिल करने के साथ संगठन की जमीनी ताकत के परीक्षण के रूप में भी देख रही है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और स्थानीय नेताओं के बीच समन्वय को चुनावी सफलता की कुंजी माना गया।

## एक साल से फरार नशा तस्कर यूपी से गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में करीब एक साल से फरार चल रहे कुख्यात तस्कर सोनू सांसी 30 को उत्तर प्रदेश के कोसी कलां मथुरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जयपुर से आगरा, प्रयागराज और मथुरा तक आरोपी का पीछा किया और उसकी बुआ के घर पहुंचने से पहले घेराबंदी कर दबोच लिया। आरोपी पुलिस से बचने के लिए केवल वाट्सऐप कॉल का इस्तेमाल करता था। डीसीपी जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने सोनू की पत्नी रेखा सांसी को 7.15 ग्राम स्मैक और 17,200 रुपए के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने स्मैक पति द्वारा लाकर देने की बात बताई। सोनू ट्रांसपोर्ट नगर थाने के दो अन्य मामलों में भी वांछित था। इस पर ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी छगन डांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद से आरोपी के आगरा जाने की सूचना मिली। टीम ने यूपी पहुंचकर आगरा, प्रयागराज और मथुरा में उसका पीछा किया। कोसी कलां में आरोपी ने भागने की कोशिश कीए लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी छगन डांगी ने बताया कि पुलिस के अनुसार सोनू सांसी के खिलाफ जयपुर पूर्व के ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर और कानोता, जयपुर पश्चिम के मुरलीपुरा, दौसा के सैंथल और सीकर के दांतारामगढ़ थानों में एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में 14 मामले दर्ज हैं। उसकी पत्नी रेखा के खिलाफ भी एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के छह मामले दर्ज हैं और वह जेल में जैर ट्रायल है। पुलिस आरोपी से स्मैक की सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ कर रही है।

## अयोध्या धाम में धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** लाहोटी चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास अयोध्या धाम में नोखा तहसील चातुर्मास सत्संग समिति की ओर से 29 जुलाई से आयोजित श्री वाल्मीकि रामायण कथा के 38वें दिन शुक्रवार को सुंदर काण्ड की पूर्णता हुई तथा युद्ध काण्ड का शुभारंभ किया गया। व्यास पीठ पर विराजित परम पूज्य दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज ने सुंदर काण्ड के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने कहा कि हनुमानजी जिस कार्य के लिए लंका गए थे, उससे भी अधिक महत्वपूर्ण कार्य करके वापस लौटे। भगवान राम के पूछने पर हनुमानजी ने लंका, अशोक वाटिका और माता सीता की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माता सीता अशोक वाटिका में अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं। और निरंतर भगवान राम का स्मरण कर रही हैं। हनुमानजी ने माता सीता द्वारा निशानी के रूप में दी गई चूड़ामणि भगवान राम को भेंट की। चूड़ामणि को देखकर भगवान राम भावुक हो गए और उसे अपने हृदय से लगा लिया। हनुमानजी के अद्भुत पराक्रम और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान राम ने उन्हें गले लगा लिया। स्वामीजी ने कहा कि हनुमानजी ने जिस प्रकार असंभव कार्य को संभव कर दिखाया, वैसा कार्य कोई और नहीं कर सकता।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ भजन संध्या और जन्मोत्सव

शुक्रवार को अयोध्या धाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और प्रसाद वितरण सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृष्ण जन्म के प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से जयकारे लगाए। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में समिति के दामोदर तिवारी, प्रहलाद मोहता, गिरधारी पारीक, गोपाल मोहता, जुगल लोहिया, नारायण राठी, पवन चांडक सहित कार्यकर्ता जुटे रहे। समिति के इन्द्रचन्द मोदी ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

# चुनाव से पहले पुलिस अलर्ट, डीजीपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

### नगरीय निकाय चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर, सक्रिय अपराधियों पर नजर रखने को कहा

अशोक राईका



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन, झुंझुनूं के सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर रोक लगाने को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक में चुनावी सुरक्षा, सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन से बेहतर संवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। यातायात व्यवस्था सुधारने और सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करने और अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले लोगों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश, उप महानिरीक्षक पुलिस कुंवर राष्ट्रदीप, जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्यूआईडीटी फूलचंद मीणा सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण भी किया।

### अपराधियों पर रखें नजर

डीजीपी ने अधिकारियों से कहा कि जिले में हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर और सक्रिय अपराधियों पर लगातार नजर रखी जाए। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। गांव और मोहल्लों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस के पास लगातार अपडेट रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पहले से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए।

### फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें

डीजीपी ने पुलिस थानों में आने वाले फरियादियों के साथ विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका प्राथमिकता से समाधान किया जाए। थानों के स्वागत कक्ष में साफसफाई के साथ बिजली और पानी की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए।

### साइबर अपराध को लेकर जागरूकता बढ़ाएं

डीजीपी ने पुलिस का सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपने क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी लगातार मिलती रहनी चाहिए। इसके साथ ही आमजन को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक करने के लिए अभियान चलाने को कहा।

### युवा सीएलजी सदस्यों से भी मिले

अपराध समीक्षा बैठक के बाद सदर थाना झुंझुनूं में युवा सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसमें पुलिस और आमजन के बीच बेहतर तालमेल, अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल देने की अपील की।

### सदर थाने का किया निरीक्षण

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस थाना सदर झुंझुनूं का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने थाना परिसरए स्वागत कक्षए हवालातए मालखाना और कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने रिकॉर्ड और अभिलेखों के रखरखाव की जानकारी ली।

## स्टार एकेडमी में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव पर्व



निसं

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर्व को हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विद्यार्थी रंग-बिरंगी वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भजन, नृत्य एवं नाट्य मंचन प्रस्तुत किए। राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति और भक्ति गीतों पर विद्यार्थियों के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया और उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म, प्रेम, मित्रता, कर्तव्यनिष्ठा और कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया तथा जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर रहा। इस अवसर पर एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलसिंह झाझड़िया,संजय जांगिड, हरिशचंद्र कालोइया, करम सिंह, श्वेता शर्मा, मुकेश तानेनिया, प्रतिभा शर्मा, अमित जांगिड, मुनेश झाझड़िया, राजेन्द्र जाखड़, सोहन सिंह, मदन सिंह चारण, विजेन्द्र सिंह, निर्भयसिंह, शिवकुमार पालीवाल, विक्रम सिंह, कविता पूनिया, महेंद्र सिहाग, संजय गरवा, पिंकी जांगिड़, महेंद्र बेनीवाल, सैनीगल, दीपिका कुमारी, महिमा शर्मा, अनिता कुमारी, सीमा कंवर, सुमन कुमारी, पवन कुमार, कृष्णा धाकड, मनीषा बलौदा, नीतू जानू, सविता सैनी, मोनिका जांगिड़, नेहा अग्रवाल, मोहित योगी, सूरज, रेणु यादव, पुष्पा कंवर, रिशु, पिंकी पुरोहित, कोमल, प्रहलाद सिंह सहित समस्त स्टाफउपस्थित रहा।

# 24 कोसीय परिक्रमा आज से अरावली की पहाडियों में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

### सूर्यकुंड में स्नान के बाद शुरू होगी सात दिन की परिक्रमा, अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

ओमप्रकाश सैनी



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में 24 कोसीय मालकेतु परिक्रमा शनिवार से शुरू होगी। सात दिन तक चलने वाली इस धार्मिक यात्रा में राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालु अरावली की दुर्गम पहाडियों से होकर परिक्रमा पूरी करेंगे और अमावस्या के अवसर पर सूर्यकुंड में पवित्र स्नान कर घर लौटेंगे। शनिवार शाम 4 बजे खाकी अखाड़ा से ठाकुरजी की पालकी सूर्यकुंड गोमुख के पास पहुंचेगी। यहां पूजा-अर्चना के बाद कुंड की परिक्रमा की जाएगी। इसके बाद खाकी अखाड़ा के महंत घनश्यामदास के नेतृत्व में साधु-संत पालकी को कंधों पर लेकर 24 कोसीय परिक्रमा की शुरुआत करेंगे। पालकी के रवाना होने के बाद श्रद्धालु सूर्यकुंड में स्नान कर उसके पीछे परिक्रमा में शामिल होंगे।

### किरोड़ी धाम होगा पहला पड़ाव

परिक्रमा का पहला पड़ाव करकोटिका यानी किरोड़ी धाम रहेगा। पालकी शनिवार शाम गोल्याणा शिव गोरा मंदिर, चारभुजानाथ और चिराणा घाटी होते हुए किरोड़ी पहुंचेगी। यहां पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में ठाकुरजी की पालकी और साधु.संतों का रात्रि विश्राम होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी यहीं रात बिताएंगे।

### 22 साल से चल रहा निशुल्क भंडारा

किरोड़ी धाम में बरखंडी सेवा समिति की ओर से लगातार 22 वर्षों से निःशुल्क भंडारा लगाया जा रहा है।

पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में यह भंडारा नवमी से द्वादशी की सुबह तक चलेगा। इसके अलावा चिराणा, उदयपुरवाटी, नवलगढ, सीकर सहित आसपास की कई संस्थाएं परिक्रमार्थियों की सेवा में जुटी हैं।

### दो जिलों से होकर गुजरता है परिक्रमा मार्ग

24 कोसीय परिक्रमा लोहार्गल से शुरू होकर झुंझुनूं और सीकर जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों से होकर वापस सूर्यकुंड पहुंचती है। सूर्यकुंड से ज्ञान बावड़ी, चेतनदास की बावड़ी, शिव गोरा मंदिर, गोल्याणा, चिराणा और किरोड़ी तक का क्षेत्र झुंझुनू जिले में आता है। इसके बाद कोट बांध, शाकंभरी धाम, नागकुंड, टपकेश्वर महादेव, शोभाग्यवती, नीमड़ी की घाटी, बारह तिबारा, खाकी अखाड़ा और रघुनाथगढ़ होते हुए परिक्रमा सीकर जिले में जाती है। रघुनाथगढ़ से रामपुरा होते हुए श्रद्धालु वापस लोहार्गल सूर्यकुंड पहुंचते हैं।

## आदर्श विद्या मंदिर दांता में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर दांता में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महाआरती में दांतारामगढ़ क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। भगवान श्री कृष्ण के जीवन की लीलाओं से सम्बन्धित विभिन्न सजीव मनमोहक झांकियां सजाई गई। जिसमें योगमाया की भविष्यवाणी, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म, यमुना पार, कालिया मानमर्दन, नटखट श्रीकृष्ण, लड्डू गोपाल, वनभोजन, माखनचोर, पूतना वध, सुदामा मिलन, झूलोत्सव, द्वारिकाधीश, श्याम बाबा, गुरू दक्षिणा, संदीपनी आश्रम, भीष्म शरशैय्या, गोवर्धन पूजा, गीता उपदेश, रासलीला व मटकी फोड़ सहित अनेकों झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। दर्शक सजीव मनमोहक झांकियों के दर्शन कर भाव विभोर हो गए। वहीं विद्या मंदिर के भैया-बहिनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के भजनों व नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इसके बाद बजे मटकी फोड़ उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल कीए हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल कीए गोविंदा आला रे के जयकारों के साथ श्रद्धालु झूमने लगे। भारतीय शिक्षा प्रसार उप समिति दांता के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चों के साथ कस्बेवासी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# हिमालयी राज्यों की चुनौती....



ग्लेशियर झीलों के फटने और हिमस्खलन के खतरों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हिमालयी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की जो बैठक आयोजित की गई, वह समय की मांग थी। नेपाल में ग्लेशियर फटने से आई विनाशकारी बाढ़ के बाद यह आवश्यक हो गया था कि हिमालय क्षेत्र के राज्य ऐसी किसी आपदा से निपटने के लिए कमर कसें। यह इसलिए और आवश्यक था, क्योंकि हिमालयी राज्य बारिश और बाढ़ से उपजी चुनौतियों का सामना पहले से ही कर रहे हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पिछले कुछ वर्षों में बारिश के दिनों में पर्वतीय नदियों में बाढ़ आने से हिमालयी राज्यों को अच्छी-खासी जन-धन हानि का सामना करना पड़ा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि गृह सचिव की ओर से बुलाई गई बैठक में हिमालय क्षेत्र के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने हिमनद झीलों की निगरानी और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने को लेकर अपनी-अपनी तैयारियों का विवरण सामने रखा, क्योंकि अभी और भी कुछ करने की जरूरत है। पहली जरूरत तो सभी ग्लेशियरों की सतत निगरानी की है।

यह पर्याप्त नहीं कि भारत अपने हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियरों की निगरानी कर रहा है, क्योंकि कई ग्लेशियर ऐसे हैं, जो दूसरे देशों की सीमा में ऐसी जगह पर हैं कि उनके फटने से भारत के पर्वतीय राज्यों को अधिक खतरा हो सकता है-ठीक वैसे ही जैसे नेपाल की नदियों में जो बाढ़ आई, वह तिब्बत के हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर फटने से आई। दुर्भाग्य यह रहा कि चीन ने नेपाल को ग्लेशियर फटने की समय पर सूचना नहीं दी। चीन इस मामले में पहले भी सुस्ती और उदासीनता दिखा चुका है। ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत, नेपाल, भूटान मिलकर चीन पर इसके लिए दबाव बनाएं कि ग्लेशियरों की निगरानी का कोई साझा तंत्र स्थापित हो। अब जब यह स्पष्ट है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियर कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं, तब उनकी सतत निगरानी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह सही समय है कि उत्तराखंड, हिमाचल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर को ध्यान में रखकर शुरू की गई ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड संबंधी परियोजना की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही हिमालयी राज्यों में बांध, बिजली, सड़क, सुरंग निर्माण संबंधी परियोजनाओं का भी इस दृष्टि से आकलन किया जाना चाहिए कि कहीं वे पर्वतीय क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को तो प्रभावित नहीं कर रही हैं? ऐसा करते हुए हिमालयी राज्यों में नदियों के किनारे होने वाली बसाहट को अनिवार्य रूप से रोका जाना चाहिए। यह ठीक नहीं कि नदियों के किनारे घरों के साथ होटल और रिसार्ट आदि बन रहे हैं।

## विशेष आलेख

# हीरे से लेकर हथियारों तक, बेल्जियम के साथ मिलकर मोदी ने यूरोप के लिए बनाया बड़ा गेम प्लान

भारत और बेल्जियम के रिश्तों की सबसे चमकदार पहचान हीरे रहे हैं। एंटवर्प से मुंबई और सूरत तक फैला कारोबार दोनों देशों को जोड़ता रहा है। लेकिन अब यह रिश्ता सिर्फ चमकते हीरों तक सीमित नहीं रहने वाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने भारत-बेल्जियम संबंधों को रक्षा, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और निवेश जैसे रणनीतिक क्षेत्रों तक विस्तार देने का स्पष्ट रोडमैप तैयार कर दिया है।



बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर की भारत यात्रा और दोनों देशों के बीच हुए समझौते इस बात का संकेत हैं कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को नई सामरिक गहराई दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि भारत अब द्विपक्षीय संबंधों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में नहीं, बल्कि व्यापार, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और वैश्विक राजनीति को जोड़कर एक व्यापक रणनीतिक ढांचे में आगे बढ़ा रहा है। हम आपको बता दें कि भारत-बेल्जियम संबंधों की जड़ें गहरी हैं। प्रथम विश्व युद्ध में फ्लैंडर्स के युद्धक्षेत्रों में 9,000 से अधिक भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। बेल्जियम स्वतंत्र भारत के साथ 1947 में राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले शुरुआती यूरोपीय देशों में शामिल था। अब 2027 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ मनाएंगे। प्रधानमंत्री डी वेवर ने भारत यात्रा की शुरुआत राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। यह प्रतीकात्मक घटना उस रिश्ते की ओर इशारा करती है जिसकी बुनियाद लोकतंत्र, कानून के शासन, बहुलवाद और आपसी विश्वास पर टिकी है।

लेकिन इस बार इतिहास से अधिक महत्वपूर्ण भविष्य है। 15 जुलाई 2026 को ब्रुसेल्स में शुरू हुआ पहला भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद अब दोनों देशों के संबंधों को नियमित और व्यापक संस्थागत आधार देगा। इसके तहत व्यापार और निवेश से लेकर हरित परिवर्तन, प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा और सुरक्षा तक सहयोग के लिए एक स्थायी मंच तैयार किया गया है।

इस यात्रा का सबसे बड़ा वैश्विक महत्व भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से जुड़ा है। जनवरी 2026 में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता का सफल निष्कर्ष एक ऐतिहासिक घटनाक्रम माना जा रहा है। मोदी और डी वेवर ने इसके शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर दिया है। भारत और यूरोपीय संघ दुनिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक और आर्थिक शक्तियां हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा से प्रभावित हैं, भारत-ईयू आर्थिक साझेदारी का विस्तार केवल व्यापारिक मामला नहीं है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन-केंद्रित निर्भरता से बाहर निकालने और अधिक विविध तथा सुरक्षित व्यवस्था बनाने की रणनीति भी है।

बेल्जियम इस समीकरण में विशेष भूमिका निभा सकता है। एंटवर्प यूरोप के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक और बंदरगाह केंद्रों में है। दूसरी ओर भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक विशाल बाजार और तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दोनों देशों का सहयोग यूरोप और भारत के बीच एक नए आर्थिक एवं लॉजिस्टिक गलियारे की नींव बन सकता है।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इंडिया-बेल्जियम इन्वेस्टमेंट फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म शुरू किया गया है, जो निवेश संबंधी बाधाओं को दूर करने और कंपनियों को सहायता देने का काम करेगा। बेल्जियम की संप्रभु निवेश संस्था एसएफपीआईएम और भारत के नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड यानि एनआईआईएफ के बीच सहयोग से एक संभावित भारत-बेल्जियम आर्थिक और निवेश गलियारे की दिशा में भी काम होगा। सहयोग के नए क्षेत्रों की सूची बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन, रक्षा विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिजों की रिफाइनिंग और रिसाइक्लिंग, परमाणु ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि बेल्जियम की सेमीकंडक्टर विशेषज्ञता और भारत का विशाल औद्योगिक पैमाना एक-दूसरे के पूरक हैं। बेल्जियम के विश्वस्तरीय आईमेक संस्थान को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जोड़ने की पहल भविष्य में तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसके अलावा, भारत-बेल्जियम संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दिखाई देता है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच हस्ताक्षरित लेटर ऑफ इंटेंट नियमित सैन्य संवाद, स्टाफ वार्ता, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रक्षा औद्योगिक साझेदारी का ढांचा तैयार करेगा। दोनों देश रक्षा सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्नत रक्षा उपकरणों, विशेष रूप से जोरावर टैंक जैसे क्षेत्रों में सहयोग का उल्लेख किया।

साथ ही बेल्जियम का नई दिल्ली में रक्षा अताशे नियुक्त करना और भारत का ब्रुसेल्स में स्थायी रक्षा अताशे नियुक्त करने का फैसला रिश्तों की बदलती प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत है। बेल्जियम का युद्धपोत एलईओपोल्ड 1 नवंबर 2026 को भारत आएगा। यह मात्र नौसैनिक दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का संकेत है।

इसके अलावा, भारत और बेल्जियम ने आतंकवाद के खिलाफ भी मजबूत साझा रुख अपनाया है। बेल्जियम ने पहलगाम में 2025 के आतंकी हमले की निंदा दोहराई और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता दिखाई। दोनों देशों ने आतंकवाद, उसके सुरक्षित ठिकानों और वित्तपोषण के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, सीबीआई और बेल्जियम की संघीय पुलिस के बीच समझौता संगठित अपराध और साइबर अपराध के खिलाफ सहयोग को नई ताकत देगा। सूचना साझा करने, भगोड़ों का पता लगाने और क्षमता निर्माण में यह समझौता महत्वपूर्ण होगा।

साथ ही हरित ऊर्जा सहयोग भी इस यात्रा की बड़ी उपलब्धि है। नवीकरणीय ऊर्जा पर नए एमओयू के तहत ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, अपतटीय पवन ऊर्जा, बायो-एनर्जी और पंप्ड स्टोरेज में सहयोग बढ़ेगा। ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन से लेकर परिवहन, भंडारण और अंतिम उपयोग तक पूरी वैल्यू चेन में साझेदारी की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में विकसित हो रहे विशाल ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट का भी उल्लेख किया।

समुद्री और बंदरगाह सहयोग भी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एंटवर्प और फ्लैंडर्स की बंदरगाह विशेषज्ञता, भारत के तेजी से विकसित होते बंदरगाह नेटवर्क और हिंद महासागर में भारत की भूमिका मिलकर नई संभावनाएं पैदा कर सकती हैं। लॉजिस्टिक्स, ड्रेजिंग, बंदरगाह विकास और अपतटीय पवन ऊर्जा में बेल्जियम की विशेषज्ञता भारत के लिए उपयोगी हो सकती है। इतिहास

इसके अलावा, दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। बेल्जियम ने एक बार फिर विस्तारित और सुधारित सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। दोनों देशों ने एक-दूसरे की अस्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का भी समर्थन किया। यूक्रेन और पश्चिम एशिया पर दोनों देशों ने संवाद और कूटनीति के जरिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की आवश्यकता पर जोर दिया। यह भारत की उस विदेश नीति के अनुरूप है जो किसी सैन्य गुट का हिस्सा बनने के बजाय संवाद, बहुपक्षवाद और रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता देती है।

## स्वास्थ्य समाचार

# गले में दर्द और खराश से हैं परेशान तो पहले जान लें इसके यह कारण

मानसून का मौसम अपने साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में सिर्फ सर्दी-जुकाम ही नहीं होता है, बल्कि कुछ लोगों को गलत खान-पान के चलते गले में खराश व गले में दर्द की शिकायत भी होती है। यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें व्यक्ति काफी असहज महसूस करता है और उसके लिए कुछ भी खाना-पीना काफी मुश्किल हो जाता है। कुछ लोगों को लगता है कि गले में खराश या दर्द की समस्या सिर्फ बाहर के खाने के कारण ही होती है, जबकि ऐसा नहीं है।



### गले में खराश के कारण

- वायरस, जैसे कि वे जो सामान्य सर्दी, इन्फ्लूएंजा, खसरा, चेचक और गले में खराश का कारण बनते हैं।
- बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण गले में खराश होना आम बात है।
- एलर्जी और एनवायरनमेंटल फैक्टर, जैसे पोलन, घास और पालतू जानवरों की रूसी आदि भी व्यक्ति के गले को परेशान का सकती है।
- पर्यावरण में मौजूद केमिकल्स व इरिटेंट जैसे सिगरेट और तंबाकू का धुआं, क्लीनिंग प्रोडक्ट, एयर पाल्यूटेंट व अन्य केमिकल्स गले में खराश व दर्द की वजह बन सकते हैं।

### गले में खराश के लक्षण

- गले में खरोंच और जलन महसूस होना।
- सूखा गला महसूस होना।
- निगलने या बात करने पर दर्द बढ़ जाना।

### अपनाएं यह उपाय

- खूब पानी पीएं और हाइड्रेटेड रहें। हाइड्रेटेड रहने से कंजेशन को कम करने, बलगम के पतले स्राव को कम करने और गले को नम रखने में मदद मिल सकती है।
- गर्म नमक के पानी से गरारे करने से भी सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।
- गर्म तरल पदार्थ पिएं, जो आपके गले को आराम पहुंचाएं, जैसे शहद के साथ गर्म चाय, गर्म सूप, नींबू के साथ गर्म पानी या हर्बल चाय आदि।
- 1 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को 240 मिली पानी में मिलाएं। सिरके में मौजूद एसिड गले में बैक्टीरिया को मार सकता है।

# इस मौसम में कब्ज की समस्या क्यों बढ़ जाती है?

आजकल अधिकतर लोग कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। खराब जीवनशैली और गलत खान-पान की आदतें कब्ज के मुख्य कारण बनते हैं। कब्ज के दौरान मल त्याग में कठिनाई आती है। इस स्थिति में पेट में दर्द, पेट में मरोड़, गैस आदि भी महसूस होती है। इसके अलावा कब्ज बनने पर सख्त मल त्याग होता है। वैसे तो कब्ज की समस्या किसी को कभी भी हो सकती है, लेकिन गर्मी में पानी की कमी की वजह से अकसर लोगों को कब्ज परेशान करता है। कब्ज से बचाव के लिए शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी होता है, क्योंकि पानी मल को नरम बनाता है और मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाता है। किसी भी व्यक्ति को कब्ज तब बनती है, जब वह अनहेल्दी लाइफस्टाइल और डाइट फॉलो कर रहा होता है। कब्ज पेट से जुड़ी एक आम समस्या है, लेकिन अगर लंबे समय तक कब्ज रहता है तो इसकी वजह से व्यक्ति अनेकों गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है।



**डिहाइड्रेशन :** गर्मी में धूप और अधिक पसीना निकलने की वजह से बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है। इस स्थिति में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। यह गर्मियों में कब्ज बनने का एक मुख्य कारण होता है। दरअसल, पानी मल को नरम बनाता है, मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाता है। लेकिन जब पानी की कमी होती है तो मल सख्त हो जाता है। इसकी वजह से मल त्याग करते हुए दर्द महसूस होता है। मल सख्त और कठोर निकलता है।

**फाइबर की कमी :** फाइबर एक ऐसा पोषक तत्व है, जो मल त्याग को आसान बनाने के लिए बहुत जरूरी होता है। शरीर में फाइबर की कमी होने पर खाना सही से डायजेस्ट नहीं हो पाता है, इस स्थिति में मल सख्त होने लगता है। फाइबर की कमी पूरे पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकता है। फाइबर, भोजन को जल्दी पचाने में आंतों की मदद करता है। पाचन को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रतिदिन लगभग 40 ग्राम फाइबर की जरूरत पड़ती है।

**फिजिकली एक्टिव न रहना :** शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना और लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठे रहना कब्ज के मुख्य कारणों में से एक है। गर्मियों में धूप, गर्मी की वजह से अकसर लोग घूमना पसंद नहीं करते और घर या ऑफिस में एसी की हवा में ही रहते हैं। कम फिजिकल एक्टिविटी की वजह से आंतों की गतिशीलता धीमी पड़ जाती है। इससे खाना अच्छे से डायजेस्ट नहीं हो पाता है, जो बाद में सख्त बन जाता है और कब्ज का कारण बनता है।

**तनाव में रहना :** तनाव भी कब्ज का एक कारण हो सकता है। जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक तनाव में रहता है, तो इसका असर उसके पाचन तंत्र पर भी पड़ता है। इसकी वजह से अकसर कई लोगों को कब्ज परेशान करता है। पाचन में सुधार करने के लिए खुद को हमेशा खुश रखें, नेगेटिविटी से बचें और तनाव मुक्त रहने की कोशिश करें।

**अन्य बीमारियां :** जो लोग किसी स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रहे हैं, उनमें कब्ज की समस्या अधिक देखने को मिल सकती है। चयापचय और अंत:स्त्रावी विकार जैसे हाइपोथायरायडिज्म, मधुमेह, या क्रोनिक किडनी रोग होने पर व्यक्ति कब्ज से परेशान रहता है। आंतों में रुकावट, आंत और मलाशय के संकुचित होने से भी कब्ज हो सकती है।

### कब्ज से बचाव के उपाय

- शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है। इसके लिए आप पानी खूब पिएं। अपनी डाइट में नारियल पानी, नींबू पानी, फलों का रस आदि शामिल करें।
- शरीर में फाइबर की कमी को पूरा करने के लिए आप अपनी डाइट में अधिक मात्रा में फलों और सब्जियों को शामिल करें। सेब, नाशपाती, अमरूद आदि फाइबर से भरपूर होते हैं।
- आपको फिजिकली एक्टिव रहना कई बीमारियों से दूर रख सकता है। इसके लिए आप सुबह जल्दी उठें, मॉर्निंग वॉक पर जाएं। इसके अलावा खाना खाने के बाद 15-20 मिनट टहलने की आदत जरूर बनाएं।
- कब्ज से बचने के लिए तनाव मुक्त रहें। इसके लिए अपने फैमिली, फ्रेंड्स के साथ समय बिताएं।

# बच्चों को रोज पिलाएं बादाम का दूध, मिलेंगे ये फायदे

शुरुआत में बच्चे के लिए मां का दूध बहुत जरूरी होता है। लेकिन धीरे-धीरे जब बच्चा बड़ा होता है, तो उसे गाय, भैंस आदि का दूध पीने को दिया जाता है। कुछ लोग बादाम का दूध भी अपने बच्चे को पिलाते हैं। बादाम का दूध बच्चों को पिलाने से वे हमेशा स्वस्थ रह सकते हैं। दरअसल, बादाम का दूध बादाम से ही निकाला जाता है। बच्चों को बादाम का दूध पिलाना उनके बेहतर स्वास्थ्य में योगदान दे सकता है। बादाम का दूध पाचन में समय लेता है, इसलिए एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बादाम का दूध पिलाने से बचें। बादाम पोषक तत्व का एक पावरहाउस है, इसमें मैग्नीशियम और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। 100 ग्राम बादाम में करीब 570 कैलोरी होती है। इसके अलावा इसमें 3 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 19 ग्राम प्रोटीन और 12 ग्राम फाइबर होता है। बादाम के दूध में विटामिन ए, पोटेशियम, कैल्शियम और अन्य विटामिन्स, मिनरल्स भी पाए जाते हैं।

**हड्डियां मजबूत बनाए :** अपने बच्चे की हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए आप उसे बादाम का दूध पिला सकते हैं। बादाम के दूध में कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। यह बढ़ते हुए बच्चे की हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**डेयरी से एलर्जी :** कई बच्चों को डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी होती है, ऐसे में बादाम का दूध देना लाभकारी हो सकता है। क्योंकि हर बच्चे के बेहतर विकास के लिए दूध बहुत जरूरी होता है।

**मस्तिष्क का विकास :** बच्चों को बादाम देने की सलाह अकसर ही दी जाती है, क्योंकि बादाम बच्चों के मस्तिष्क के विकास में मदद करता है। आप बच्चे को बादाम का दूध भी दे सकते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन और एल-कार्निटाइन होता है, जो बच्चों के मस्तिष्क के बेहतर विकास में सहायक होता है।

**डायबिटीज से बचाव :** आजकल बड़े ही नहीं बच्चों में भी डायबिटीज के लक्षण देखने को मिल जाते हैं। इससे बचने के लिए बादाम का दूध फायदेमंद हो सकता है। बादाम में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है और इस प्रकार वे आपके बच्चे को मधुमेह जैसी चिकित्सा स्थितियों से बचाने में बहुत प्रभावी हो सकता है। अगर डायबिटीज है, तो इस स्थिति में बादाम के दूध में चीनी डालने से बचें।

**बच्चों का बादाम का दूध कैसे पिलाएं :** एक साल की उम्र के बाद बच्चों को बादाम खाने को दिया जा सकता है। आप बच्चे को बादाम का दूध पिला सकते हैं। बच्चे को बादाम का दूध नाश्ते में दिया जा सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

### वृष

नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

### मिथुन

आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### कर्क

स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### सिंह

नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

### कन्या

आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दु:खद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

### तुला

निवेश शुभ रहेगा। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। प्रमाद न करें। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

### वृश्चिक

पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

### धनु

पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है।

### मकर

व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है।

### कुंभ

सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### मीन

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें।

# 11 वर्षीय मासूम पर सूअर ने किया हमला

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू में घर के पास खेल रहे एक 11 वर्षीय मासूम पर सूअर के हमले का मामला सामने आया है। जहाँ जख्मी हालत में मासूम को परिजन राजकीय भर्तिया अस्पताल के आपातकालीन वार्ड लेकर पहुंचे, जहाँ मासूम का चिकित्सक और नर्सिंग स्टॉफउपचार कर रहा है, 11 वर्षीय मासूम के परिजनों ने बताया कि वह अग्रसेन नगर रेल्वे फाटक के पास झुग्गी में रहते है तभी झुग्गी के पास 11 वर्षीय करण खेल रहा था की उस पर सूअर ने हमला कर दियाए शौर शराबा सुनकर परिजनों ने बाहर आकर देखा तो सूअर 11 वर्षीय मासूम को नोच रहा था गनीमत यह रही की समय रहते परिजन मौके पर पहुंच गए, वरना बड़ी हानि से इंकार नहीं किया जा सकता था, सूअर के हमले में मासूम के सिर और हाथ पर गंभीर चोटे आई है।

# नगरीय निकाय चुनाव 2026

## सीकर जिले के 14 निकायों में मतगणना की व्यवस्था निर्धारित

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने आदेश जारी कर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत सीकर जिले के कुल 14 नगरीय निकायों 2 नगर परिषद एवं 12 नगरपालिकाओं की मतगणना व्यवस्था निर्धारित कर दी है। आदेशानुसार जिले के नगरीय निकायों में 9 एवं 11 सितम्बर 2026 को मतदान संपन्न होने के बाद 14 सितम्बर 2026 को प्रातः 8 बजे से संबंधित नगरीय निकाय मुख्यालय पर निर्धारित भवनों एवं मतगणना कक्षों में मतगणना करवाई जाएगी। जिले के 495 वार्डों के लिए कुल 672 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। तथा मतगणना के लिए कुल 86 टेबलें निर्धारित की गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष मोदी ने बताया कि रामगढ़ शेखावाटी की मतगणना सेठ आर.एन. रूईया पी.जी. कॉलेज के सेंट्रल हॉल में फतेहपुर की मोदीसन राजकीय महाविद्यालय के कक्ष संख्या 11 में लक्ष्मणगढ़ की राजकीय महाविद्यालय के कक्ष संख्या 117 में तथा सीकर नगर परिषद की मतगणना श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय उत्तरी विंग के कक्ष संख्या 109 में होगी। इसी प्रकार धोद की मतगणना महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय लोसल रोड के कक्ष संख्या 22 में लोसल की श्री डेडराज खेतान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्ष संख्या 1 में दांता की पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्ष संख्या 3 में तथा खाटूश्यामजी की राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के कक्ष संख्या 1 में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पलसाना की मतगणना शहीद सीताराम कन्हैयालाल ताम्बी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कलाम मीटिंग हॉल में खण्डेला की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्ष संख्या 32 मे रींगस की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम तल के कक्ष संख्या 13 में नीमकाथाना की कमला मोदी महिला महाविद्यालय के कक्ष संख्या 24 में श्रीमाधोपुर की राजकीय कन्या महाविद्यालय के कक्ष संख्या 9 में तथा अजीतगढ़ की राजकीय कन्या महाविद्यालय के कक्ष संख्या 8 में मतगणना होगी।

# जिले में निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां समयबद्धता के साथ पूर्ण करें

## राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को सीकर में नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर चुनाव की तैयारियो, व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, पीठासीन अधिकारियों, प्रथम मतदान अधिकारियों, कार्मिकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, पुलिस जाप्ता, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति प्रशिक्षण सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी भारत एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए निर्देशों की अक्षर पालना करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एंव जिला कलेक्टर आशीष मोदी, उप जिला निवर्चाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल महला ने निकाय चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त को दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने अधिकारियों से मतदान दलों के रवानगी स्थल, संग्रहण व्यवस्था, मतगणना व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं स्वीप नोडल अधिकारी से जिले में स्वीप गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें, इसके लिए रैली, रंगोली विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक से मतदान दलों के साथ पुलिस जाप्ता लगाए जाने, थानों में हथियार जमा करवाने, अवैध शराब की ब्रिकी की रोकथाम, जप्ती की कार्यवाही करने के संबंध में आवश्यक दिशाकृनिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि अतिरिक्त पुलिस बल की आवश्यकता हो तो इसके लिए पूर्व में ही प्रबंध करना सुनिश्चित करें। बैठक से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त का कलेक्ट्रेट पहुंचने पर गुलदस्ता भेंट कर अगुवानी की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल महला, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल सहित चुनाव से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# माता-पिता ही बच्चों के सर्वश्रेष्ठ मित्र, विद्यार्थियों को संस्कारों के साथ योजनाओं की जानकारी भी जरूरी

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घंटियाली बड़ी में श्री राम निस्वार्थ सेवा संगठन संस्थान, बीदासर के तत्वावधान में आदर्श देश बने हमारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कार, सामाजिक जागरूकता, सरकारी योजनाओं तथा बाल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रेम रतन शर्मा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राम निस्वार्थ सेवा संगठन संस्थान, बीदासर के अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि बच्चों के जीवन में माता.पिता का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने माता-पिता को बच्चों का सर्वश्रेष्ठ मित्र बताते हुए विद्यार्थियों से अपने माता-पिता का सम्मान करने तथा उनके अनुभवों से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और शिक्षा के माध्यम से ही विद्यार्थी देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कल्याण अधिकारी राजेन्द्र स्वामी ने विद्यार्थियों को विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की अपील की। एडवोकेट आरती डूखवाल ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषय गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों को किसी भी असहज अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना डर के अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने आसपास घटित होने वाली ऐसी घटनाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सोहू ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के विकास में भामाशाहों एवं ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से विद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की व्याख्याता चंदा प्रजापत के सतत प्रयासों से बीदासर के बेगराज भंवरलाल चोरड़िया ट्रस्ट, बीदासर की ओर से विद्यालय को विद्यार्थियों के उपयोग के लिए 30 कुर्सियां प्रदान की गईं। विद्यालय परिवार ने ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समाज की जिम्मेदारी को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम में ग्राम घंटियाल बड़ी से पिथाराम मेघवाल, श्रवणनाथ सिद्ध, सुखदेवनाथ सिद्ध सहित अनेक ग्रामीणजन, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन, संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं अच्छे नागरिक बनने की भावना विकसित करना रहा।

# निकाय चुनाव की रणभेरी के बीच डोटासरा ने भाजपा सरकार को घेरा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** निकाय चुनाव की सरगर्मियों के बीच कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को पीसीसी वॉर रूम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर चुनाव में देरी, परिसीमन, आरक्षण, सफाई व्यवस्था, नामांकन और जयपुर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के आदेश और अवमानना की कार्रवाई के बाद सरकार को चुनाव कराने पड़े। करीब डेढ़ साल तक निकायों में प्रशासक रहने से जनता के काम प्रभावित हुए। डोटासरा ने परिसीमन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कहीं 10 हजार तो कहीं 30 हजार तक की आबादी वाले वार्ड बनाए गए। उन्होंने आरक्षण लॉटरी में भी मनमानी का आरोप लगाया। कहा कि पहली बार नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिकाओं की संयुक्त लॉटरी निकाली गई, जिसके चलते प्रदेश के 10 नगर निगमों में किसी में भी महापौर पद एससी-एसटी के लिए आरक्षित नहीं हुआ। एक पद ओबीसी के लिए आरक्षित हुआ, जबकि एससी.एसटी आरक्षण नगर पालिकाओं तक सीमित रहा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने टिकट वितरण में 40 वर्ष से कम उम्र के 49.33, ओबीसी के 48.85, एससी के 21.81, एसटी के 5.23 और महिलाओं के 35.90 उम्मीदवारों को मौका दिया है। जयपुर की समस्याओं पर घेराꞏ डोटासरा ने गड्ढों, ट्रैफिक जाम, कचरे, बंदरों, सुअरों और आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर भाजपा बोर्ड पर निशाना साधा। स्टैच्यू सर्किल जैसे प्रमुख स्थानों पर स्ट्रीट लाइट नहीं जलने का भी आरोप लगाया। सफाईकर्मी भर्ती पर सवाल : उन्होंने कहा कि 23 हजार से अधिक पदों की घोषणा के बावजूद तीन साल में भर्ती पूरी नहीं हुई।

नई भर्ती में शर्तों के कारण अब तक करीब चार हजार आवेदन आने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हर निकाय में हर साल सफाईकर्मियों की भर्ती और घर.घर कचरा संग्रहण मुफ्त किया जाएगा। 500 रुपए में पट्टे का वादा डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो 500 रुपए में मकान का पट्टा देने की व्यवस्था जारी रखी जाएगी। नामांतरण शुल्क में राहत बरकरार रखने तथा सीसी रोड, ड्रेनेज, सीवरेज और एसटीपी के लिए अतिरिक्त बजट देने की बात कही। विकास कार्यों का स्टेटस और शिकायतों का निस्तारण ऑनलाइन करने का भी वादा किया। मेट्रो डीपीआर पर आरोपरू जयपुर मेट्रो की नई डीपीआर में बदलाव को लेकर उन्होंने अतिरिक्त खर्च और संचालन प्रभावित होने की आशंका जताई तथा भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाए। नामांकन में सत्ता के दुरुपयोग का आरोप डोटासरा ने बीकानेर, मालपुरा, नाथद्वारा, पाली और भीलवाड़ा में कांग्रेस व समर्थित निर्दलीय प्रत्याशियों पर दबाव और नामांकन में भेदभाव का दावा किया। आदर्श नगर के वार्ड टिकट विवाद पर उन्होंने कहा कि तथ्य सामने आने पर जांच होगी। टिकट वितरण के मतभेद बातचीत से सुलझाने का दावा करते हुए उन्होंने अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले बागियों पर कार्रवाई के संकेत दिए। डोटासरा ने दावा किया कि कांग्रेस निकाय चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगी।

# नगर निकाय चुनाव में राष्ट्रीय पार्टियों में कांटे की टक्कर, निर्दलीय उम्मीदवार मजबूत स्थिति में

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय पार्टियों सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी काबिलियत जताते हुए मतदाताओं के बीच पहुंचना शुरू कर दिया है। प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ने के साथ ही चुनावी माहौल भी तेज हो गया है, वहीं चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन किया गया। कार्यालय उद्घाटन के साथ ही वार्ड में चुनाव प्रचार को गति देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दांता नगरपालिका में 25 वार्डों में जहां राष्ट्रीय पार्टियां अपने अपने विकास, योजनाएं के आधार पर वोट मांग रही है, वहीं निर्दलीय उम्मीदवार अपने दमखम पर मतदाताओं से लगातार जुड़े हुए हैं। जानकार सूत्रों के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवारों की मजबूती की वजह से राजनीतिक पार्टियों की नींद उड़ी हुई है। ऐसे में अध्यक्ष पद की दौड़ में इन वार्डों के निर्दलीय उम्मीदवार की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। हालांकि दोनों पार्टियां अपना-अपना बोर्ड बनाने का दावा कर रही। विभिन्न दलों के प्रत्याशी सहित कई वार्डों में खड़े निर्दलीय भी अपने. अपने वार्डों में समर्थकों के साथ सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। वहीं विभिन्न वार्डवासियों का कहना है, कि टिकिट वितरण को लेकर दोनों ही पार्टियां इस पर खरी नहीं उतरी, इसको लेकर जागरूक लोगों ने विरोध स्वरूप निर्दलीय प्रत्याशी उतार दिए हैं। चुनाव में 25 सीटों पर 109 प्रत्याशी चुनाव मैदान हैं। इनमें भाजपा के 24, कांग्रेस के 21, माकपा के 5 और रालोपा व बसपा से एक-एक प्रत्याशियों सहित 57 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सबसे ज्यादा उम्मीदवार वार्ड नम्बर 17 में एवं 1, 4, 16 में है वहीं उपखंड प्रशासन और पुलिस ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कानून व्यवस्था के स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# 10 लाख का सामान और डेढ़ लाख रुपए नकद चोरी हुए



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में चोरी की वारदात घटित हुई वार्ड नंबर 17 में हाई स्कूल के पीछे स्थित एक मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का सामान और नकदी चोरी कर ली। चोर करीब 10 लाख रुपए कीमत का सोना-चांदी का सामान और 1 लाख 50 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 17, हाई स्कूल के पीछे निवासी पवन कुमार सोनी कुकरा के मकान में रात करीब 1:30 बजे अज्ञात चोर छत के रास्ते से घर में दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने घर के अंदर स्थित दुकान की तिजोरी को निशाना बनाया और उसमें रखी चांदी, सोने के सामान तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक पवन कुमार सोनी ने बताया कि वे चांदी के सामान बनाने का मजदूरी का कार्य करते हैं। चोरी की घटना से एक दिन पहले ही वे सामान तैयार करने के लिए चांदी लेकर आए थे। तिजोरी में 2 किलो फाइन चांदी, 3 किलो 400 ग्राम कच्ची चांदी, चांदी की 5 जोड़ी पायल, चांदी के 5 सिक्के, 10 ग्राम सोना तथा 1 लाख 50 हजार रुपए नकद रखे हुए थे। चोर इन सभी सामान को लेकर फरार हो गए। परिवार के अनुसार जिस समय चोरी की वारदात हुई, उस समय घर के सदस्य अपने कमरों में सो रहे थे। चोरों ने छत के रास्ते मकान में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम देने के बाद उसी रास्ते से फरार हो गए। चोरी का पता चलने पर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने घर एवं आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए संभावित साक्ष्य जुटाए और परिवार के सदस्यों से घटना की जानकारी ली। पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों की तलाश और मामले की जांच की जा रही है।

घटना के बाद परिवार में गहरा रोष और दुख है। वहीं, वार्ड में भी चोरी की वारदात को लेकर लोगों में चिंता का माहौल है। वार्ड के लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने तथा चोरी की वारदात का जल्द खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। हालांकि आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में कृष्ण-राधा के रूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की मंजुला सराफ आदर्श विद्या मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुष्पा जैन रही । इस अवसर पर संत सुरजीत नाथ, सुशील फोगला, देवकीनंदन दाधी, कृष्णकांत दाधीच, मदन लाल प्रजापत, सुरेश सैनी, त्रिविक्रम अपूर्वा एवं ओमप्रकाश पारीक सहित अन्य अतिथि मंचस्थ रहे। प्रधानाचार्य कृष्ण स्वामी ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। जन्माष्टमी महोत्सव में नन्हे-मुन्ने करीब 200 बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सैकड़ों की संख्या में बच्चे कृष्ण एवं राधा के रूप में सजकर विद्यालय पहुंचे। कृष्ण-राधिका के रूप में बच्चों ने विभिन्न गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दींए जिससे पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय हो गया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।

संत सुरजीत नाथ ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन एवं उनके आदर्शों के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। पुष्पा जैन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी भैया-बहनों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षाओं तथा अष्टमी व पंचमी में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले भैया.बहनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बिडदीचन्द प्रजापत, निरंजन शर्मा, राम गोदारा, गोपाल भार्गव, शिल्पा मारू, तारा दर्जी, द्रोपती पारीक, सुषमा सैनी, राम नारायण मारू, काशीराम स्वामी, विमल सेवदा, लालचंद मारू सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति व अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रसाद की व्यवस्था रमेश दाधीच के द्वारा की गई। मंच संचालन गुंजन पारीक एवं ममता स्वामी ने किया।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लोसल के प्रांगण में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत धूमधाम, हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। विद्यालय परिसर को फूलों, गुब्बारों और मनमोहक झांकियों से बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया था, जो नंदलाल के जन्म की खुशी का अहसास करा रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक बनवारी लाल कुमावत प्रधानाचार्य महावीर सिंह शेखावत द्वारा माँ सरस्वती और श्री बांके बिहारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ की गई। छोटे बच्चों ने मनमोहक रूपों से मोहा सबका मन जन्माष्टमी के इस विशेष अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण, राधा और गोपियों की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया। बाल गोपाल के रूप में सजे बच्चों की क्यूटनेस ने उपस्थित सभी शिक्षकों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मटकी फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। राधा-कृष्ण के प्रेम को दर्शाते नृत्य, पारंपरिक गीत और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित लघु नाटिकाओं ने उपस्थित दर्शकों की तालियां बटोरीं।

इसके साथ हीए बच्चों के लिए विशेष रूप से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और गोविंदा आला रे की गूंज के साथ मटकी फोड़कर पर्व के आनंद को द्विगुणित कर दिया।



# नशे के खिलाफ कार्रवाई, डोडा-पोस्त सप्लायर गिरफ्तार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** पुलिस थाना पांचू की टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन नीलकंठ के तहत कार्रवाई करते हुए डोडा-पोस्त के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पांचु थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया की पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीले पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 619/2025 में धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में वांछित आरोपी अनिल बिश्नोई पुत्र हड़मानराम, उम्र 25 वर्ष, निवासी कूदसू, पुलिस थाना पांचू, जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी 3 सितंबर 2026 को की गई। मामले के अनुसार पुलिस ने पूर्व में ओमप्रकाश पुत्र बालूराम, जाति बिश्नोई, निवासी काकड़ा, हाल उमापुरा बास नोखा के कब्जे से 8 किलो 530 ग्राम डोडा-पोस्त छिलका बरामद किया था। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच तत्कालीन थाना अधिकारी पांचू को सौंपी गई थी। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी ओमप्रकाश ने बरामद डोडा-पोस्त अनिल बिश्नोई से खरीदना बताया। इसके बाद पुलिस ने अनिल बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है तथा मामले में आगे अनुसंधान जारी है। पुलिस के मुताबिक पिछले एक माह में ग्राम कूदसू के चार अवैध मादक पदार्थ सप्लायरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्रवाई में थाना प्रभारी ईश्वर प्रसाद पुनी, हेड कांस्टेबल मांगीलाल, कांस्टेबल सुनील कुमार तथा डीआर गणेशराम शामिल रहे।

# बच्चें करेंगे एक्सरसाइज तो मिलेंगे ये जबरदस्त लाभ

आज के समय में सिर्फ बड़ों के लिए ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए भी हेल्दी रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है। दरअसल, घर पर रहते हुए और फिजिकल एक्टिविटी के कम होने के कारण बच्चों को अब कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, अगर आप घर में रहते हुए भी बच्चों को हेल्दी रखना चाहते हैं तो ऐसे में उनके साथ मिलकर एक्सरसाइज करें।



### बनते हैं अधिक एक्टिव

जब बच्चे हर दिन एक्सरसाइज करते हैं तो इससे वह अधिक एक्टिव बनते हैं। चूंकि पिछले लंबे समय से बच्चे घर पर ही हैं। तो ऐसे में वर्कआउट करने से उन्हें खुद को अधिक फिजिकल एक्टिव बनाए रखने में मदद मिलती है।

### मिलती है अच्छी नींद

इन दिनों बच्चे अपना अधिक टाइम स्क्रीन पर बिताने लगे हैं, जिससे उनकी आंखों व नींद की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन जब बच्चे वर्कआउट करते हैं तो इससे उन्हें अच्छी नींद मिलने में भी मदद मिलती है।

### पढ़ाई में मिलता है लाभ

यह भी वर्कआउट का एक बेनिफिट है। वर्कआउट के दौरान बच्चे योगा, प्रणायाम जैसी कई एक्टिविटीज करते हैं। इससे ना केवल उनका मन शांत होता है, बल्कि इससे उनकी एकाग्रता भी बढ़ती है। जिससे उन्हें पढ़ाई में भी लाभ मिलता है। वर्कआउट के जरिए ना केवल उनकी मेमोरी बूस्ट अप होती है, बल्कि चीजों को जल्दी याद करने और देर तक याद रखने में भी मदद मिलती है।

### बढ़ता है शरीर का लचीलापन

जब बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ मिलकर तरह-तरह के व्यायाम करते हैं तो इससे उनकी बॉडी अधिक फलैक्सिबल बनती है। इससे उनका बॉडी मूवमेंट बेहतर होता है। आज के समय में अधिकतर बच्चे मोटापा व अन्य कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान हैं।

### अधिक अनुशासित जीवन

बच्चों के लिए जीवन में अनुशासन का महत्व समझना बेहद आवश्यक है। इस लिहाज से भी वर्कआउट उनके लिए कहीं ना कहीं फायदेमंद होता है। जब वह नियमित रूप से वर्कआउट करते हैं तो वह अपने जीवन को अधिक अनुशासित तरीके से जीना शुरू करते हैं। जिसका लाभ उन्हें लम्बे समय तक मिलता है।

# दिल के मरीजों को जरूर खाना चाहिए ब्रोकली, इससे मिलने वाले फायदे और खाने का सही तरीका



ब्रोकली, बंदगोभी और फूलगोभी की प्रजाती से आने वाली सब्जी है। ये एक ऐसी सब्जी है, जिसे खा कर आप कई बीमारियों से बच सकते हैं। इसके अलावा अगर आप अपना वेट बैलेंस रखना चाहते हैं, तब भी आप इसे खा सकते हैं। ऐसा इसलिए कि इससे फैट नहीं बढ़ता और इसकी कैलोरी भी बेहद कम है। पर दिल की सेहत के लिए ब्रोकली खाने के कुछ खास ही फायदे हैं। जी हां, वो ऐसे कि ब्रोकोली में आइसोथियोसाइनेट्स में से एक, सल्फोराफेन होता है जो कि अपने एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जाना जाता है। ये ब्लड वेसेल्स को हेल्दी रखता है और इन वेसेल्स के अस्तर को होने वाले नुकसान से बचाता है। इसके अलावा ये डायबिटीज के मरीजों में दिल से जुड़ी समस्याओं को कम करता है। दरअसल, ब्रोकली में फाइबर, फैटी एसिड और विटामिन होते हैं जो शरीर में ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है।

### एंटी इंफ्लेमेटरी है ब्रोकली :

ब्रोकली एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। ब्रोकोली में कई बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, जो ब्लड वेसेल्स को लंबे समय के लिए हेल्दी रखते हैं। इसके अलावा ब्रोकली शरीर में अतिरिक्त सूजन से भी बचाता है और प्लाज्मा सी प्रतिक्रियाशीलता को कम करता है। इसके अलावा ब्रोकली का केम्पफेरोल फ्लेवोनोइड दिल को अंदर से स्वस्थ रखता है और अन्य नुकसानों से बचाता है। इस तरह आप इस फायदे के लिए ब्रोकली का सेवन कर सकते हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर :

ब्रोकली एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस है। इसमें ए, सी, के, ई और बी-कॉम्प्लेक्स जैसे आवश्यक विटामिन होते हैं, जिससे तनाव के कारण दिल को होने वाली क्षति से बचाव होता है। इसके अलावा डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों में ये रेडिकल डैमेज को कम करता है और दिल को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा ब्रोकली में ऑक्सीडेटिव तनाव के स्तर को कम करने की क्षमता होती है। यह ल्यूटिन और ज़ेक्सैन्थिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट के कारण होता है, जो सेलुलर क्षति को रोकता है और आंखों की रोशनी में सुधार करता है।

### ऑक्सीजन रेडिकल्स को अवशोषित करता है:

ब्रोकोली में एस्कॉर्बिक एसिड और पॉलीफेनोल्स भी होते हैं जो मुक्त कणों को खत्म करके रेड ब्लड सेल्स की झिल्लियों की रक्षा करते हैं। ब्रोकली के सक्रिय तत्व और रासायनिक अर्क ऑक्सीजन रेडिकल्स को अवशोषित करके डीएनए की क्षति को कम करते हैं और दिल के काज काज और ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।

### ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर मैनेज करने में मददगार :

ब्रोकलीकार्डियोवैस्कुलर बीमारी के जोखिम को काफी कम कर सकता है। ये लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला फूड है, जिसका अर्थ है कि वे शरीर में धीरे-धीरे टूट जाते हैं और शरीर में अचानक से शुगर नहीं बढ़ाते। दरअसल, शुगर की बीमारी लंबे समय में दिल की बीमारी का कारण बन सकती है और आपके दिल को नुकसान पहुंचा सकती है। ये धमनियों को इससे होने वाले नुकसानों से बचाती है और दिल का दौरा या स्ट्रोक जैसे बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके अलावा इसके विटामिन और फाइबर ब्लड प्रेशर को संतुलित रखता है और ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है।

### कोलेस्ट्रॉल कम करता है :

अगर आपको अपने दिल को हेल्दी रखना है तो खाने में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करनी होगी। दरअसल, कोलेस्ट्रॉल ब्लड वेसेल्स में जम जाते हैं और ब्लड वेसेल्स को नुकसान पहुंचाने लगते हैं। इससे दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ब्रोकली में फैट की मात्रा बिलकुल ना के बराबर होती है और इसलिए ये कोलेस्ट्रॉल कम करता है और दिल को हेल्दी रखता है।

# दिन की सहेत के लिए फायदेमंद है लोकाट

एरियोबोट्रिया जैपोनिका यानी लोकाट भले ही मूलत: रूप से दूसरे देश का फल है। लेकिन अब इसकी खेती भारत में भी की जाती है। यह पोषण तत्वों, एंटी ऑक्सीडेंट्स और फ्लेवनॉइड से भरपूर होता है। इसका स्वाद मीठा-खट्टा और आकार में नाशपाती के जैसा होता है। इसका छिलका पीले रंग का होता है। इसे आमतौर पर कच्चे रूप में ही खाया जाता है लेकिन इसका प्रयोग जैम, जेली और जूस बनाने के लिए भी किया जाता है। इस फल में काफी मेडिकल गुण भी होते हैं। इसके अंदर मौजूद तत्व आपको काफी सारे स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने में सक्षम हैं। तो आइए जानते हैं इस फल के लाभ और कुछ साइड इफेक्ट्स।



**लोकाट में पौष्टिक तत्व :** लोकाट में बहुत से पोषक तत्व मौजूद हैं। जैसे कि विटामिन बी, सी, ए, राइबोफ्लेविन, कॉपर,आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस। एक कप लोकाट में लगभग 60-65 कैलोरीज़, 0.640 ग्राम प्रोटीन, 17.9 ग्राम कार्ब्स, 2.50 ग्राम फाइबर, 23.79 एमजी कैल्शियम और 20.89 एमजी फोलेट होता है। इसके सेवन से काफी हेल्थ बेनिफिट्स मिल सकते हैं।

**लोकाट हृदय की सेहत के लिए हैं लाभदायक :** लोकाट पोटेशियम से भरपूर होता है। यह पोटेशियम ब्लड वेसल्स पर पड़ने वाले दबाव और ब्लड प्रेशर लेवल को कम करने में सहायक है। इस प्रकार इस फल का सेवन करने से हृदय की सेहत बेहतर बनती है और हार्ट के फंक्शन भी अच्छी तरह पूरे हो पाते हैं।

**कैंसर का रिस्क कम होता है :** लोकाट की पत्तियां और इसके बीजों में एंटी कैंसर गुण होते हैं। इसमें मौजूद मेथेनॉल एक्सट्रैक्ट ब्रेस्ट कैंसर सेल्स को फैलने से रोकते हैं और पोली फेनॉल ओरल ट्यूमर सेल्स के विरुद्ध लड़ते हैं। साथ ही उन्हें अधिक होने से बचाते हैं। इसमें बीटा कैरोटिन होते हैं जो एंटी ट्यूमर गुणों से भरपूर होते हैं।

**लोकाट है एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों से भरपूर :** लोकाट में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं जो इन्फ्लेमेशन कम करने में काफी सहायक होते हैं। अगर हाई फरुक्टोज डाइट का सेवन कर रहे हैं तो उसके प्रभाव को कम करने के लिए व इंफ्लेमेशन के कारण होने वाली हृदय और दिमाग से जुड़ी बीमारियों के लक्षण को कम करने के लिए इस फल का सेवन कर सकते हैं।

**पाचन में है लाभदायक लोकाट :** लोकाट की पत्तियां पाचन के लिए लाभदायक मानी जाती हैं। इसमें मौजूद पेक्टिन आंतों की सेहत बूस्ट करता है और इसमें मौजूद फाइबर बाउल मूवमेंट स्टिमुलेट करता है। इसलिए अगर पाचन समस्याओं से जूझ रहे हैं तो इस फल का सेवन जरूर करें।

**ब्लड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में सहायक :** इस फल में पेक्टिन नाम का तत्व होता है जोकि एक प्रकार का डाइट्री फाइबर है। यह पेक्टिन कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में सहायक माना जाता है। इस फल का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित रहता है।


**लोकाट डायबिटीज में लाभदायक :** लोकाट की पत्तियों और एक्सट्रैक्ट में एंटी डायबिटिक गुण होते हैं जो टाइप 1 और टाइप 2 डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी लाभदायक माने जाते हैं।

नियमित रूप से इस फल का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल भी नियंत्रित होती है। इसके बीज हाइपो ग्लाइसेमिक एक्टिविटी को होने से रोकते हैं।

# रोजाना करें ये सिंपल योगासन, कब्ज और तनाव से मिलेगी मुक्ति

दिनभर की व्यस्तता और घर के कामों के बाद हमें आराम की जरूरत होती है। जिस तरह मन और शरीर को आराम देने के लिए हम अच्छी नींद लेते हैं, उसी तरह मासपेशियों की देखभाल करना भी जरूरी है। स्वस्थ मासंपेशियां न केवल कब्ज, तनाव जैसे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद करती हैं, बल्कि पॉश्चर को इंप्रूव करने में भी सहायक है। अगर आप लंबे वक्त तक इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो योग आसन इसमें अच्छी भूमिका निभा सकते हैं।





**पैनकेक स्ट्रेच पोज :** पैनकेक स्ट्रेच पोज का अभ्यास करने के लिए दीवार से विपरीत अपनी पीठ के बल लेट जाएं और कूल्हों पर दबाव बनाएं। अब पैरों को चौड़ा करके खोल लें। यह पोज इमोश्नल स्ट्रेस को दूर करने के साथ मासिक धर्म में होने वाली ऐंठन और दर्द को भी दूर करता है।

**विपरीत करनी योग :** इस आसन को लेग्स अप द वॉल पोज भी कहते हैं। इस आसन में पैरों को ऊपर की ओर ले जाना होता है। इस आसन को करने के लिए अपने दोनों हाथ और पैरों को जमीन पर सीधा रखकर दोनों पैरों को ऊपर उठाएं और कूल्हों के साथ पीठ के बल लेट जाएं। आंखें बंद करें और इस स्थिति में कम से कम पांच मिनट तक बने रहें। वैरिकोज वेन्स, थके हुए पैरों और तनाव को दूर करने का यह बेहद सिंपल तरीका है।

**तितली मुद्रा :** बटरफ्लाई पोज के नाम से पॉपुलर यह पोज महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद है। इसका अभ्यास करने से न केवल प्रजनन अंगों में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है, बल्कि पीरियड्स भी रैगुलर हो जाते हैं।

इसके अलावा हार्मोनल असंतुलन, पीसीओएस, मेनोपॉज वाली महिलाओं के लिए भी तितली मुद्रा बहुत फायदेमंद है। इसे करने के लिए अपने दोनों पैरों को आगे की तरफ फैलाएं।

अब घुटने मोड़ें। पैरों के तलवों को आपस में मिला लें और घुटनों को खोल दें। अब दोनों हाथों से पैर के तलवों को पकड़ लें। आंख बंद करके पैरों को तितली की तरह हिलाएं।

**सुसीरंध्रासन :** इसे ज्यादातर लोग नाम से जानते हैं। इस पोज को करने के लिए अपने कूल्हे को दीवार से सटाकर एक पैर को दूसरे घुटने के ऊपर रखें और फैलाएं। पैरों में किसी भी तरह की जकड़न, घबराहट और वर्क फ्रॉम होम इफेक्ट के लिए नियमित रूप से इसका अभ्यास करना बहुत अच्छा है।

**मलासन :** इसे गारलेंड पोज भी कहते हैं। इसे करने के लिए पैरों को चौड़ा करके नमस्कार की मुद्रा में खड़े हो जाएं। सांस लें और फिर सांस छोड़ते हुए घुटनों के बल बैठ जाएं। सुबह उठने के बाद यह पोज करने से पाचन स्वास्थ तो अच्छा रहेगा ही साथ ही और कब्ज की समस्या से भी छुटकारा मिल जाएगा।

**ध्यान रखें ये बातें**

- ट्रेनर के अनुसार यहां बताए आसनों का अभ्यास रोजाना करना चाहिए।
- कोशिश करें, कि इन आसन को भोजन के दो घंटे के बाद ही करें।
- हर आसन को कम से कम 2-3 मिनट तक करने की कोशिश करें।
- अंतिम मुद्रा में पहुंचने के लिए अपनी मांसपेशियों को ढीला छोड़ देना चाहिए।

# वजन बढ़ाने के लिए रोज नाश्ते में खाएं प्रोटीन से भरपूर ये फूड्स, मिलेगी ताकत और एनर्जी

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। प्रोटीन से ही पूरा शरीर डेवलप होता है। बाल, त्वचा, आंखें, मसल्स सभी को प्रोटीन की जरूरत होती है। प्रोटीन सेल्स को रिपेयर करता है और नई कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करता है। प्रोटीन शरीर को मजबूत, ताकतवर बनाने में मदद करता है। इसलिए सभी लोगों को अपनी डाइट में प्रोटीन शामिल करने की सलाह दी जाती है।




**अंडा :** अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है। एक बड़े अंडे में करीब 6.5 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। ऐसे में अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अंडे को अपनी हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में शामिल कर सकते हैं। वजन बढ़ाने के लिए आपको अंडे का येलो और व्हाइट दोनों पार्ट खाने चाहिए। क्योंकि सफेद हिस्से में प्रोटीन होता है, वहीं पीले हिस्से में कैलोरी और हेल्दी फैट पाया जाता है। रोजाना नाश्ते में 1-2 अंडे खाने से आपका वजन धीरे-धीरे बढ़ सकता है। इसके अलावा अंडा विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स का भी अच्छा सोर्स होता है।

**बादाम :** बादाम एक ड्राई फ्रूट है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें फाइबर, विटामिन ई, मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है। इसके अलावा बादाम प्रोटीन का भी बेहद अच्छा सोर्स होता है। 28 ग्राम बादाम में करीब 6 ग्राम प्रोटीन होता है। इसलिए अगर आप वजन या मसल्स बढ़ाना चाहते हैं, तो अपनी ब्रेकफास्ट डाइट में बादाम को शामिल करना शुरू कर दें। इसके लिए आप रात को 8-10 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह इनका छिलका निकालकर खा लें। रोजाना बादाम खाने से आपको वेट गेन में मदद मिल सकती है।

**कॉटेज चीज :** कॉटेज चीज एक प्रकार का चीज है, जिसमें फैट और कैलोरी कम होती है लेकिन प्रोटीन अधिक होता है। इसके अलावा कॉटेज चीज में कैल्शियम, फास्फोरस, सेलेनियम, विटामिन बी 12 और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में आप कॉटेज चीज को शामिल कर सकते हैं। 17 ग्राम कॉटेज चीज में लगभग 3.96 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। अपनी रेगुलर डाइट में कॉटेज चीज शामिल करके वजन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है।

**दूध :** दूध में लगभग हर पोषक तत्व होता है, जिसकी शरीर को जरूरत होती है। दूध में कैल्शियम, विटामिन बी12 और प्रोटीन काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। रोजाना नाश्ते में दूध पीने से वेट गेन में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप दूध में केला या ड्राई फ्रूट्स आदि मिला सकते हैं। लेकिन अगर आपको दूध से एलर्जी है, तो आप काजू, बादाम या फिर नारियल का दूध पी सकते हैं।

**पीनट बटर :** पीनट बटर में प्रोटीन, फोलेट, मैग्नीशियम, विटामिन ई जैसे पोषक तत्व काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। 28 ग्राम पीनट बटर में लगभग 7.30 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसलिए अगर आप वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो अपने हाई प्रोटीन ब्रेकफास्ट डाइट में पीनट बटर को जरूर शामिल करें। आप पीनट बटर को ब्राउन ब्रेड या सैंडवच आदि पर लगाकर खा सकते हैं। नियमित रूप से पीनट बटर खाने से आपको वेट गेन में काफी मदद मिल सकती है।

# विटामिन ई से भरपूर होती हैं ये फल और सब्जियां, रोजाना करें सेवन

विटामिन ई स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी मानी जाती है। यह मुख्य रूप से आपकी स्किन और बालों के लिए लाभकारी होती है। इसके साथ ही विटामिन ई से हड्डियां और टिश्यूज का विकास बेहतर तरीके से किया जा सकता है। विटामिन ई एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स है, जो हमारी कोशिकाओं को फ्री-रेडिकल्स से बचाव करने में मददगार हो सकता है। नियमित रूप से आहार में विटामिन ई को शामिल करने से मोटापा कंट्रोल हो सकता है। साथ ही यह झड़ते और बेजान बालों की परेशानी कम कर सकता है। अक्सर हम विटामिन ई की कमी को कम करने के लिए कैप्सूल का सेवन करते हैं लेकिन हमारे आसपास कई ऐसी फल और सब्जियां हैं जिससे विटामिन ई की कमी को पूरा किया जा सकता है।

**एवोकाडो में है विटामिन ई :** एवोकाडो विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। यह एक ऐसा फल है, जिसे आप कई तरीकों से खा सकते हैं। साथ ही स्किन पर भी लगा सकते हैं। अगर आपके शरीर में विटामिन ई की कमी है तो इसे नियमित रूप से अपने आहार में शामिल करें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा। एवोकाडो को छिलकर और इसके बीच निकालकर खाए जाते हैं। इसके अलावा सैंडविच और स्मूदी भी इससे तैयार किया जा सकता है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हेल्दी हो सकता है।

**पालक विटामिन ई से है भरपूर :** हरी सब्जियों की बात कि जाए तो पालक विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। इसमें कई तरह के अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होते हैं। इसके साथ ही पालक में प्रोटीन, कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर रूप से मौजूद होती हैं जो आपको हेल्दी रखने में असरदार है।

**कीवी का करें सेवन :** शरीर में विटामिन ई की कमी होने पर कीवी का सेवन करें। यह विटामिन सी का भी काफी अच्छा स्त्रोत होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट कर सकता है। इसके अलावा कीवी का सेवन करने से शरीर में प्लेटलेट्स के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इसका सेवन आप सीधेतौर पर कर सकते हैं। इसके अलावा कीवी का जूस और स्मूदी भी काफी स्वादिष्ट होता है। कई लोग कीवी से आइसक्रीम भी तैयार करके खाते हैं।

**विटामिन ई से भरपूर है ब्रोकली :** ब्रोकली विटामिन ई का काफी अच्छा स्त्रोत होता है। हालांकि, अन्य फूड्स की तुलना में इसमें थोड़ा कम विटामिन ई होता है, लेकिन इसमें अन्य पोषक तत्व भी होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। ब्रोकली का सेवन आप सब्जी तैयार करके खा सकते हैं। इसके अलावा इसका सूप भी आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।



**टमाटर है विटामिन ई से भरपूर :** विटामिन सी से भरपूर टमाटर भी विटामिन ई का अच्छा स्त्रोत होता है। इसके सेवन से आपके शरीर को विटामिन ई के साथ-साथ विटामिन-ए और लायसोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट प्राप्त होता है। इसका इस्तेमाल आप खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। साथ ही टमाटर का सेवन आप सूप और जूस के रूप में भी कर सकते हैं।

## झुंझुनूं के वार्ड 32 में निर्दलीय विजय सेवालिया के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, समर्थकों की उमड़ी भीड़

### बोले- वार्ड का विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता



झुंझुनूं (नवयत्न)।

नगर परिषद झुंझुनूं के वार्ड नंबर 32 से निर्दलीय प्रत्याशी विजय सेवालिया के चुनाव कार्यालय का शुक्रवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया गया। कार्यालय उद्घाटन के मौके पर वार्ड के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और समर्थकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। समर्थकों ने विजय सेवालिया के पक्ष में नारे लगाए और चुनाव में समर्थन देने की बात कही। इस दौरान विजय सेवालिया ने कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड 32 का सर्वांगीण विकास कराना है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज सुनना और उसकी सेवा करना ही उनका मुख्य कर्तव्य है। सेवालिया ने वार्ड के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताएं भी बताईं। उन्होंने कहा कि वार्ड में नियमित साफ-सफाई करवाकर इसे स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा। हर गली और मोहल्ले में बेहतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था करवाने का प्रयास रहेगा। पेयजल व्यवस्था में सुधार के साथ जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल निकासी की व्यवस्था पर काम किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही वार्डवासियों की छोटी-बड़ी समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए लगातार उपलब्ध रहने का भरोसा दिलाया। बतादें की विजय सेवालिया का चुनाव चिन्ह 'अलमारी' हैं। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में वार्ड के कई गणमान्य नागरिक, युवा और समर्थक मौजूद रहे।

## निकाय चुनाव : हर बूथ पर व्हील चेयर और महिला मतदानकर्मी लगाने की मांग



अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** निकाय चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान बूथ पर व्हील चेयर उपलब्ध करवाने और पर्दा में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान के लिए महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की मांग की गई है। इस संबंध में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पवन पुजारी सहित प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्ट के नाम अपर जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि मतदान केंद्रों के आसपास वाहनों से मतदाताओं को लाने-ले जाने पर रोक की स्थिति में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को परेशानी हो सकती है। ऐसे में बूथ पर व्हील चेयर की व्यवस्था जरूरी है। ज्ञापन में प्रत्येक मतदान बूथ पर कम से कम दो व्हील चेयर स्थानीय पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों से उपलब्ध करवाने की मांग की गई। साथ ही पर्दा में बुर्के में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान को लेकर होने वाले विवादों के समाधान के लिए प्रत्येक मतदान दल में महिला कर्मचारी की ड्यूटी लगाने का सुझाव दिया गया। ज्ञापन देने वालों में पवन पुजारी, भाजपा नेता मुरारी सैनी, महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान के प्रदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट अब्बास भाटी, एडवोकेट अजय स्वामी, एडवोकेट नवीन स्वामी और एडवोकेट रवि शुक्ला शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इन व्यवस्थाओं से दिव्यांग, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं को सुविधा मिलेगी और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 में युवाओं को मिलेगा नेतृत्व एवं नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर

**सीकर ( नवयत्न )।** कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए युवा कार्यक्रमि विभाग, नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव-विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता एवं नए विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान को स्वर्ण पश्चिम क्षेत्र में शामिल किया गया है, जिसमें गुजरात, राजस्थान तथा दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव शामिल हैं। विकसित भारत चैलेंज ट्रैक की थीम ष्विनिर्माण, उद्यमिता और हरित विकासश्रखी गई है। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि इस ट्रैक के तहत प्रथम चरण में विकसित भारत क्विज का आयोजन 17 अगस्त से 16 सितंबर 2026 तक माय भारत पोर्टल पर किया जा रहा है। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में चयनित प्रतिभागियों के लिए विकसित भारत निबंध का आयोजन 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2026 तक माय भारत पोर्टल पर किया जाएगा।

# जनता की जेब से 8 करोड़ 62 लाख रुपए वसूलने के बाद भी स्ट्रीट लाइट के लिए तरसता झुंझुनूं - शहबाज फारुकी

### वार्ड 38 से प्रत्याशी ने उठाया मुद्दा, बोले-एक लाइट के लिए हाथ जोड़ने और लाइन में लगने की नौबत दुर्भाग्यपूर्ण।

संजय सोनी



**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगर परिषद द्वारा शहर की आम जनता से शहरी कर के रूप में 8 करोड़ 62 लाख 2 हजार रुपए की राशि वसूल किए जाने के बावजूद शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड नंबर 38 से प्रत्याशी शहबाज फारुकी ने इसे शहर की मूलभूत सुविधाओं और नगर परिषद की कार्यप्रणाली से जोड़ते हुए चुनावी मुद्दा बनाया है। शहबाज फारुकी ने कहा कि शहर की जनता से नगर परिषद ने बिजली बिलों के माध्यम से 8 करोड़ 62 लाख 2 हजार रुपए शहरी कर के रूप में वसूले हैं। जिससे नगर परिषद अपने कार्यालय तक की लाईटें जला रहा है। लेकिन टैक्स देने वाले शहर के अनेक हिस्सों में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं हो पाना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जिस जनता से करोड़ों रुपए का शहरी कर वसूला जा रहा है, उसी जनता को अपनी गली में एक स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के चक्कर लगाने पड़ें, हाथ जोड़ने पड़ें और लाइन में लगना पड़े, तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट कोई विलासिता की सुविधा नहीं, बल्कि शहर की सुरक्षा, आवागमन और आमजन की सुविधा से जुड़ी बुनियादी जरूरत है। रात के समय अंधेरी गलियों और सड़कों से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों तथा आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त और चालू स्ट्रीट लाइट होना नगर परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

### लाइट के लिए लाइन नहीं, व्यवस्था चाहिए'

शहबाज फारुकी ने कहा कि उनका चुनावी वादा केवल सड़क, नाली या स्ट्रीट लाइट लगवाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वार्ड 38 में ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करने का प्रयास होगा, जिसमें किसी नागरिक को छोटी-सी मूलभूत सुविधा के लिए भी बार-बार नगर परिषद के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि वार्ड की प्रत्येक गली और मुख्य रास्ते का सर्वे करवाकर स्ट्रीट लाइट की जरूरत, खराब लाइट और अंधेरे स्थानों की सूची तैयार करवाई जाएगी। इसके बाद प्राथमिकता के आधार पर लाइट लगाने और खराब लाइटों की मरम्मत की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए नगर परिषद के समक्ष मजबूती से आवाज उठाई जाएगी।

### जनता का पैसा जनता की सुविधा पर खर्च हो'

शहबाज फारुकी ने कहा कि नगर परिषद को प्राप्त होने वाला राजस्व मूल रूप से शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं पर ही खर्च होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता से कर वसूलने के साथ-साथ उसे बेहतर सड़क, सफाई, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना नगर परिषद की जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्ड 38 की जनता से अपील करते हुए कहा कि इस चुनाव में केवल वादों पर नहीं, बल्कि जवाबदेही, पारदर्शिता और काम की प्राथमिकता पर निर्णय लिया जाए। शहबाज फारुकी ने कहा, मेरा संकल्प है कि वार्ड 38 के लोगों को किसी भी मूलभूत सुविधा के लिए हाथ जोड़कर या लाइन में लगकर अपनी बात रखने की नौबत नहीं आने दी जाए। जनता मालिक है और चुना हुआ प्रतिनिधि जनता की सेवा और उसकी आवाज उठाने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि वार्ड 38 में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करना, अंधेरे स्थानों को चिन्हित कर रोशनी की व्यवस्था करवाना और खराब लाइटों की समयबद्ध मरम्मत उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। साथ ही नगर परिषद में वार्ड की समस्याओं को मजबूती से उठाकर उनके स्थायी समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर स्कूल में गूंजे कृष्ण भक्ति के रंग, बच्चों ने फोड़ी दही-हांडी

### राधा-कृष्ण की झांकियों ने मोहा मन, संस्था निदेशक ने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने पर दिया जोर

निसं



**बिसाऊ ( नवयत्न )।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल, बिसाऊ में कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर उत्साह और उल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी लीलाओं को अलग-अलग प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया। नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। बच्चों की आकर्षक झांकियों ने कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूल परिसर में दही-हांडी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और मटकी फोड़कर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। दही-हांडी के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बना। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल नजर आया। संस्था निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और बाल लीलाओं का उल्लेख करते हुए सभी को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं। जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल स्वरूप में अपनी मासूमियत और लीलाओं से सभी का मन मोहते थे, उसी तरह बच्चों की मासूमियत भी सभी को आकर्षित करती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ उन्हें रचनात्मक और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है। वर्तमान समय में बच्चों में मोबाइल फोन के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावकों को बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को मोबाइल से अधिक से अधिक दूर रखते हुए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राधा-कृष्ण की झांकियों और दही-हांडी कार्यक्रम ने जन्माष्टमी के आयोजन को खास बना दिया।

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं और भारतीय संस्कृति से भी परिचित कराया गया।

## भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया, सजाई बाल स्वरूप की झांकी



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली के रघुनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। कथा वाचक पंडित अजय मिश्रा ने श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कंस के अत्याचारों से देवकी-वसुदेव सहित मथुरा की प्रजा परेशान थी। ऐसे समय में भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के गर्भ से अवतार लेकर अधर्म के अंत का मार्ग प्रशस्त किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान के बाल स्वरूप की आकर्षक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किए। कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के दौरान श्रीकृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

# मानसून की फिर वापसी, जयपुर समेत कई जिलों में बरसे बादल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बंगाल की खाड़ी में बने वेलमार्क लो-प्रेशर सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में बारिश का दौर तेज हुआ है। पिछले 24 घंटे में अलवर, भरतपुर, डीग, दौसा, धौलपुर, जयपुर, भीलवाड़ा, करौली, टोंक, बारां, कोटा और झालावाड़ में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि बूंदी और सवाई माधोपुर में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश दर्ज की गई। सवाई माधोपुर के खंडार में सर्वाधिक 135 मिमी बारिश हुई। नैनवां में 75, बूंदी में 61, दूनी में 60, टोंक में 59, सपोटरा में 58, उच्चैन में 55, बसैनवाब में 45, कालीसिल में 43 और मनोहर थाना में 42 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। भरतपुर के उच्चैन में करीब 54-55 मिमी बारिश हुई। तेज बारिश से भरतपुर-धौलपुर में कई जगह जलभराव हुआ। सवाई माधोपुर में जलभराव के कारण रणथंभौर क्षेत्र की शेरपुर-खिलचीपुर रपट पर भी पानी आने से रास्ता बंद करना पड़ा।

### झालावाड़ में बांधों के गेट खोले

करीब तीन घंटे की लगातार बारिश के बाद झालावाड़ में जलस्रोतों में पानी की आवक बढ़ गई। कालीसिंध और छापी बांध के कुल पांच गेट खोले गए। बूंदी में भी करीब 28 घंटे से रुक-रुककर बारिश जारी है। जिले में 4 सितंबर को 37 मिमी औसत बारिश हुई, जबकि 1 जून से अब तक 473 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### जयपुर में सुहाना हुआ मौसम

राजधानी में शुक्रवार सुबह से जेएलएन मार्ग, जवाहर नगर, एयरपोर्ट और सांगानेर-प्रताप नगर सहित कई इलाकों में रिमझिम बारिश हुई। घने बादलों और बारिश से तापमान में गिरावट आई तथा गर्मी.उमस से राहत मिली।

### 4 से 7 सितंबर तक बारिश

मौसम विभाग के अनुसार 4 से 7 सितंबर तक भरतपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 4 और 5 सितंबर को कोटा संभाग और आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। जयपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, बूंदी, कोटा, बारा, झालावाड़ और चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में मेघगर्जन, 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं और बारिश का अलर्ट है।

### बीसलपुर में एक सेमी पानी की आवक

बीसलपुर बांध का जलस्तर 314.08 आरएल मीटर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में एक सेंटीमीटर पानी की आवक हुई और बांध क्षेत्र में 27 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### पश्चिमी राजस्थान में कमजोर रहेगा मानसून

जोधपुर संभाग में मानसून अपेक्षाकृत कमजोर रहने की संभावना है। 4 से 6 सितंबर तक बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, नागौर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने जयपुर समेत कई जिलों में येलो अलर्ट जारी कर मेघगर्जन के दौरान खुले स्थान और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी है।

### जयपुर में अगस्त में असमान बारिश

अगस्त में जयपुर शहर में 145 मिमी, मौजमाबाद में महज 23 मिमी, शाहपुरा में 352 मिमी और तुंगा में 278 मिमी बारिश दर्ज हुई। जिले में अगस्त की कुल बारिश 2996 मिमी बताई गई है। बारिश के चलते पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में अधिकतम तापमान में करीब छह डिग्री तक गिरावट आई। गुरुवार को कोटा में प्रदेश का सबसे कम अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री और श्रीगंगानगर में सर्वाधिक 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**Office Of The Gram Panchayat Bhamarwasi**
**Panchayat Samiti Chirawa**

Sr.N.:-sp-01 Date:03/09/2026

**Open Tender for Civil Works In Panchayat**

NIB Code: ZJU2627A0714

UBN Code:ZJU2627WSOB01399-1400

For More Details Works And Terms & Conditions See Web Site https://sppp.rajasthan.gov.in

**Village development Officer** Gram Panchayat Bhamarwasi
**Adminstrator** Gram Panchayat Bhamarwasi

**Name Change**

I Sohel Khan s/o Abdul Karim resident of Ward No. 16 Mohalla Khatikan Jhunjhunu (Raj.). I have changed my name from Sohel to Sohel Khan now in the future I should be known and recognized by Sohel Khan. for all purposes.

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि मेरी मुवक्किल सुनिल कुमार सैनी पुत्र शंकरलाल सैनी जाति माली निवासी वार्ड नं. 02, मोहल्ला कासमखानी मण्डावा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनूं ने अपने आवासीय प्लॉट नं. 16 क्षैत्रफल 233.33 वर्ग गज को जरिये विक्रय पत्र हजारी लाल सैनी पुत्र मोतीराम जाती माली निवासी कालेरी की ढाणी तहसील व जिला झुंझुनूं से प्राप्त किया था। उक्त विक्रय पत्र का पंजियन उप पंजियक झुंझुनू जिला झुंझुनू में दिनांक 01.09.2026 में पंजीबद्ध किया गया है। जिसके क्रमांक नं. 202603228107234 है। उक्त प्लॉट अविभाजित खसरा नं. 2181 से 2186, 1467/2181, 4468/2186, 4469/2185 कस्बा झुंझुन (इन्द्र सिंह कॉलोनी) में स्थित है। उक्त खसरा में पतासी पत्नी रामस्वरूप का 27/404 हिस्सा है। जो पतासी ने दीपक कुमार पुत्र बनवारीलाल को विक्रय दिनांक 23.06.2021 को विक्रय किया था व दीपक ने उक्त प्लॉट हजारीलाल को दिनांक 13.08.2026 को विक्रय कर दिया है। अब मेरी मुवक्किल सुनिल कुमार सैनी पुत्र शंकरलाल सैनी जाति माली निवासी वार्ड नं. 02, मोहल्ला कासमखानी मण्डावा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनूं अपने उक्त आवासीय पर PNB Housing Finance से लोन ले रहा है। जिसमें मेरी मुवकील सुनिल कुमार सैनी पुत्र शंकरलाल सैनी द्वारा लोन लेने पर किसी को भी कोई आपत्ति/एतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मोबाईल नं. 9413434882**

# ग्लोबल नर्सिंग समिट आज से, 10 देशों के विशेषज्ञ साझा करेंगे तकनीकी अनुभव

**जयपुर ( नवयत्न )।** नर्सिंग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीक एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और आरएच हेल्थकेयर के संयुक्त तत्वावधान में ग्लोबल नर्सिंग समिट-2026 का आयोजन 5 और 6 सितंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ करीब 10 देशों के विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता और अस्पताल प्रशासक सहित लगभग 5 हजार नर्सिंग प्रोफेशनल्स संकर माध्यम से शामिल होंगे। आयोजन समिति के संरक्षक मेघवाहन सिंह और आयोजन सचिव पुरुषोत्तम कुंभज ने बताया कि सम्मेलन में पीजीआई चंडीगढ़ नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुखपाल कौर, प्रोफेसर डॉ. ए. क्लेमेंट, डॉ. मंजू चुगानी और डॉ. अमनदीप कौर बाजिया सहित कई विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। मुख्य वक्ताओं में डॉ. विमला कपूर, भारत सरकार की नर्सिंग सलाहकार डॉ. दीपिका खाका, डॉ. हरदीप कौर, 2008 के आतंकी हमले की वास्तविक नायिका अंजली कुलथे और पद्मश्री सम्मानित नर्स शांति टेरेसा शामिल हैं। श्रीलंका, तुर्की और इंडोनेशिया के नर्सिंग विशेषज्ञ भी सम्मेलन में अपने अनुभव साझा करेंगे।

**रोबोट और एआई तकनीक का होगा प्रदर्शन**-आयोजन सचिव पुरुषोत्तम कुंभज ने बताया कि समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवाकार रोबोट, रोबोटिक डॉग, होलोग्राफिक डिस्प्ले, आभासी वास्तविकता और - विश्वसनीयता अनुकरण जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाएगा। रोबोट के जरिए अतिथियों का स्वागत, सीपीआर और स्वास्थ्य शिक्षा का प्रदर्शन, चिकित्सा प्रश्नोत्तरी तथा तकनीकी प्रदर्शनी सम्मेलन के प्रमुख आकर्षण होंगे।

# वार्ड 34 में गौरव सोनी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, बोले- नेता नहीं बेटा बनकर करूंगा सेवा

### बुजुर्ग एएन द्विवेदी ने फीता काटकर किया शुभारंभ, सर्वसमाज के लोग और समर्थक रहे मौजूद

झुंझुनूं (नवयत्न)।



नगर परिषद के वार्ड नंबर 34 से निर्दलीय प्रत्याशी गौरव सोनी के चुनाव कार्यालय का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। वार्ड के वरिष्ठ नागरिक एएन द्विवेदी ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान वार्ड के विभिन्न समाजों के लोग, युवा और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यालय उद्घाटन के साथ ही वार्ड में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरव सोनी ने कहा कि वे वार्डवासियों के बीच नेता बनकर नहीं, बल्कि बेटा बनकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड के हर नागरिक के सुख-दुख में साथ खड़े रहना और उनकी समस्याओं का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। सोनी ने कहा कि राजनीति को वे सेवा का माध्यम मानते हैं। उनका प्रयास रहेगा कि वार्ड का सर्वांगीण विकास हो और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़े। उन्होंने ईमानदारी और सेवा भाव को अपना चुनावी संकल्प बताते हुए वार्डवासियों से समर्थन मांगा। गौरव सोनी का चुनाव चिन्ह 'अलमारी' हैं। उन्होंने कहा कि जीत मिलने पर वार्ड के विकास के साथ प्रत्येक वर्ग के लोगों को साथ लेकर काम किया जाएगा।

कार्यक्रम में मौजूद समर्थकों ने गौरव सोनी के समर्थन में उत्साह दिखाया। उद्घाटन के दौरान वार्ड में चुनाव को लेकर चर्चा भी हुई। अब प्रत्याशियों के जनसंपर्क के साथ वार्ड 34 में चुनावी माहौल और तेज होने लगा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रींगण**
**पंचायत समिति लाडनूं**

क्रमांक: 197 दिनांक : 02-09-26

**निविदा सूचना संख्या :- 93, 94, 95, 96, 97/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूँ की अधीनस्थ ग्राम पंचायत रींगण में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायतीराज की योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये संवेदकों, विनिर्माताओं व आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम पंचायत स्तरीय ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

| NIB- | | UBN- | |
|---|---|---|---|
| | ZNR2627A0946 | | ZNR2627WSOB01179 |
| | ZNR2627A0947 | | ZNR2627WSOB01180 |
| | ZNR2627A0948 | | ZNR2627WSOB01181 |
| | ZNR2627A0949 | | ZNR2627WSOB 01182 |
| | ZNR2627A0950 | | ZNR2627WSOB 01183 |

## नगरपालिका में महिला प्रत्याशियों की भागीदारी बढ़ी

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगरपालिका चुनाव इस बार रोचक मुकाबले की ओर बढ़ रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 25 वार्डों में कुल 188 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सबसे कम प्रत्याशी वार्ड संख्या 5 में हैं, जहां चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। वहीं वार्ड संख्या 21 में सबसे अधिक 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। ऐसे में इन वार्डों में चुनावी मुकाबला खासा दिलचस्प माना जा रहा है।

### महिलाओं की बढ़ी भागीदारी, 82 प्रत्याशी मैदान में

खेतड़ी नगरपालिका चुनाव में इस बार महिलाओं की भागीदारी भी देखने को मिल रही है। 25 वार्डों में कुल 82 महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं, जबकि 106 पुरुष प्रत्याशी मैदान में हैं। नगरपालिका अध्यक्ष का पद ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण भी महिलाओं में चुनाव लड़ने को लेकर उत्साह बढ़ा है। अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर पार्षद बनने की दौड़ में महिला प्रत्याशियों की सक्रियता चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी वार्डों में प्रत्याशियों की स्थिति साफहो गई है। प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं से संपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। कई वार्डों में प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है, जबकि कुछ वार्डों में अधिक प्रत्याशी होने से मुकाबला बहुकोणीय बन गया है।

### वार्ड 21 में सबसे कड़ा मुकाबला

वार्ड 21 में 10 प्रत्याशियों के मैदान में होने से यहां मुकाबला सबसे ज्यादा रोचक माना जा रहा है। वहीं वार्ड 5 में केवल चार प्रत्याशी होने से मुकाबला अपेक्षाकृत सीमित रहेगा। कुल 188 प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में होने से प्रत्येक वार्ड में अलग-अलग राजनीतिक समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। अब प्रत्याशियों का पूरा जोर प्रचार अभियान पर रहेगा। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशी घर.घर संपर्क कर रहे हैं। अध्यक्ष पद ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण इस बार खेतड़ी नगरपालिका चुनाव में महिला प्रत्याशियों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाली है।

## भाजपा प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय वार्ड नंबर 16 की भाजपा प्रत्याशी मधु पारीक के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान सूरजमल शर्मा, नथमल शर्मा, रामेश्वर लाल सोनी, सूरजमल सोनी, अंजनी कुमार, दीन मोहम्मद, भगवान खाती, रामनिवास दाधीच, हीरालाल दाधीच, भंवरलाल जांगिड़, सुशील जांगिड़, नटवरलाल छापरवाल, अभिषेक छापरवाल, भागीरथ करवा सुरेंद्र बोहरा, मनोज पारीक, भीमशंकर शर्मा, राजेंद्र व्यास, केसाराम गोदारा आदि मौजूद रहे। पूजा अर्चना पंडित दिनेश दाधीच ने करवाई।

## कंदोई बालिका विद्यालय में जन्माष्टमी पर्व मनाया



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** शुक्रवार को जगन्नाथ कंदोई उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर सूरजमल हीरालाल काशीराम कंदोई भवन तारानगर में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जिसमें नृत्य, भजन, गीत व राधा कृष्ण बनकर बहनों ने प्रस्तुतियां दी। जिसमें प्रबंध समिति सदस्य, मातृ भारतीय सदस्य, प्रधानाचार्य, व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## छापरवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** स्वर्गीय बीरू राम छापरवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर डॉ अम्बेडकर सामुदायिक भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभी साथियों ने स्वर्गीय बीरू राम जी के जीवन से सहयोग, त्याग एसमाज सेवा, एवं बाबासाहेब के जीवन आदर्शों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेने का संदेश दिया, स्वर्गीय बीरू राम जी ने समाज की शिक्षित एवं आडंबर विहीन करने में बहुत बड़ा योगदान दिया, स्वर्गीय बीरू राम की प्रेरणा से आज संकड़ों विद्यार्थी जीवन में सफल हुए हैं। श्रद्धांजलि सभा में जेठा राम पटीर, सुरेश जोईया, भगवाना राम घोटड़, नन्द लाल सबलानिया, प्रताप कलिया, श्रीचंद छापरवाल, मुकेश छापरवाल, काशी राम मेघवाल, ग्यारसी लाल गोठवाल, जसवंत दहिया, इंद्राज दायमा इत्यादि उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव : 45 वार्डों में 141 प्रत्याशी मैदान में

निसं




नोखा (नवयत्न)। नोखा नगरपालिका के 45 वार्डों में होने वाले निकाय चुनाव की तस्वीर साफहो गई है। कुल 141 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें भाजपा और माकपा के 45.45 प्रत्याशी, रालोपा के 10, आम आदमी पार्टी का 1 तथा 40 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। पालिका अध्यक्ष का पद ओबीसी ओपन वर्ग के लिए आरक्षित है। मुख्य मुकाबला भाजपा और माकपा के बीच माना जा रहा है, जबकि रालोपा और निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी ने कई वार्डों में चुनावी समीकरण रोचक बना दिए हैं।

### कई वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

45 वार्डों में भाजपा और माकपा के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। वहीं रालोपा ने 10 वार्डों में प्रत्याशी उतारे हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से वार्ड 8 में रमेश मैदान में हैं। इसके अलावा 40 निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी कई वार्डों में मुकाबले का गणित बदल सकती है। विशेष रूप से जिन वार्डों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के सामने मजबूत स्थानीय चेहरा निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहा है, वहां वोटों के बंटवारे का सीधा असर परिणाम पर पड़ सकता है।

### 141 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 9 सितंबर को

नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रत्याशी घर-घर संपर्क कर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। राजनीतिक दलों के सामने अब नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने और अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण कराने की चुनौती है। 9 सितंबर को मतदान के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि भाजपा का संगठनात्मक गणित कितना प्रभावी रहा, माकपा कितनी मजबूत चुनौती पेश कर पाई और निर्दलीय व बागी प्रत्याशियों ने प्रमुख दलों के वोट बैंक में कितनी सेंध लगाई। इसके बाद मतगणना में नोखा नगरपालिका के नए बोर्ड की तस्वीर साफहोगी।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल जैन ने ली भाजपा की सदस्यता

पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल जैन ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया। जैन नोखा मे आठ पार्षद भी रहे हुवे है। बाबूलाल जैन के भाजपा का दामन पकड़ने से राजनीती गलरीये मे चर्चा का विषय बना हुवा है। जैन को पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीनिवास झंवर, मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक, आसकरण भट्टड, महेश झंवर ने सदस्यता दिलाई।

### ये उम्मीदवार है मैदान मे

भाजपा : ओम प्रकाश भांभू वार्ड 1, रेवतराम 2, जयकिसन 3, नारायण प्रसाद 4, जेती 5, अणदू देवी 6, ओमप्रकाश 7, कालूराम 8, दिनेश 9, रेखा 10, राजेन्द्र 11, शारदा 12, रामेश्वर लाल 13, गणपतराम 14, भगवती 15, श्रवणराम 16, माया देवी 17, गंगा राम 18, सुनील 19, धापू 20, परमा देवी 21, जयश्री 22, निर्मल कुमार 23, रेवन्त राम 24, गणपत 25, आरती देवी संचेती 26, छगना देवी 27, प्रियंका 28, मांगीलाल 29, मैना देवी 30, रामेश्वरलाल 31, शबाना बानो 32, भवानी सिंह 33, मुकेश कुमार 34, मोनिका देवी 35, मुन्शी 36, हनुमान प्रसाद 37, कपिल 38, दामोदर 39, पप्पूराम 40, सीताराम 41, कन्हैयालाल गहलोत 42, यशोदा देवी 43, संदीप 44, महेश कुमार (45)

1 माकपा राम गोपाल वार्ड 1, भंवरलाल 2, मंजू देवी 3, सीताराम 4, रितु अशोक कुमार सारस्वत 5, कमला 6, विनोद कुमार 7, जेठाराम 8, सुखाराम 9, भंवरी 0, चुन्नीलाल 11, रामप्यारी 12, झंवरलाल 13, सरला चारण 14, कविता 15, श्रवण कुमार 16, विमला देवी 17, अरविन्द गिरी 18, रामप्रताप 19, कमला देवी 20, नीलू 21, विभा 22, देवकिशन 23, जयकिशन हरिजन 24 नफूलाराम 25, बसन्ती देवी 26, किसनलाल 27, सीमा 28, मुन्नीलाल 29, चम्पा 30, नरेश 31, संतोष देवी 32, संजयदीन 33, आसूराम 34, मूनीदेवी 35, ओमप्रकाश 36, नारायण 37, ओम प्रकाश 38, ओमप्रकाश 39, जगदीश 40, पूनमसिंह 41, बजरंगलाल 42, शर्मिला 43, सुनील कुमार 44, हरिकिशन 45 (1) रालोपा : राजेश वार्ड 4, धारू राम 11, किसनलाल 14, पूर्णिमा 15, संतोष 18, गीता 20, करणीदान 27, अरुण नारायण 37, बासुदेव 38, धर्मचन्द 39।

### टिकट कटने से नाराज बागियों ने बढ़ाई भाजपा और माकपा की चिंता

चुनाव में भाजपा और माकपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती विपक्षी दलों से ज्यादा अपने ही बागी प्रत्याशियों से दिखाई दे रही है। टिकट वितरण के बाद पार्टी के कई दावेदारों ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। स्थानीय निकाय चुनाव में प्रत्याशी की व्यक्तिगत पकड़, जनसंपर्क और वार्ड में वर्षों से बनी राजनीतिक जमीन काफी मायने रखती है। ऐसे में मजबूत जनाधार वाले निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा के अधिकृत उम्मीदवारों के वोट बैंक में सेंध लगा सकते हैं। भाजपा ने चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, पूर्व राज्यमंत्री राजेंद्र कुमार गहलोत तथा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं और प्रत्याशियों के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की है।

### आपः रमेश वार्ड 8।

निर्दलीय : बाबूलाल, कंचन देवी, भंवरलाल वार्ड 1, नैन गिरी 2, सीताराम 4, रेखा देवी 6, रूपाराम प्रजापत, जगदीश प्रसाद भार्गव 7, मघाराम 8, शारदा, खुशबू रारोतिया, शारदा मेघवाल 10, चैनाराम, चैनाराम 11, संतोष, सुमन कंवर 12, कलावती, विजय कुमार, हनुमान 13, देव किशन 14, अन्ना दास साद 16, गंगादेवी 17, अरविन्द कुमार 18, लीला देवी 21, देव किशन 23, मनोज 24, पुनमचन्द, रेवन्त राम 27, पन्नालाल, मनफूल अली 29, नन्दनी 30, नादिम 31, मोण् आरिफ, महेन्द्र कुमार 33, आसा देवी, मुन्नी 35, महेश 3, राहुल 40, संगीता 43, भंवरलाल 45 शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी प्रिया बजाज ने बताया की सभी 141 उम्मीदवारो को चुनाव चिन्ह आवँटन कर दिए। चुनाव चिन्ह आवँटन के बाद उम्मीदवारों ने चुनाव चिन्ह के साथ प्रचार करने शुरू कर दिए।

## खेतड़ी के श्रीकृष्णनगर में जन्माष्टमी पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के श्रीकृष्ण नगर में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण सेवा समिति के तत्वावधान एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ शहीद विजेंद्र सिंह यादव खेल मैदान में हुआ। समिति अध्यक्ष फूलचंद जांगिड़ ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21 हजार रुपए तथा उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। कुश्ती प्रतियोगिता में 11 हजार रुपए की अंतिम कुश्ती करवाई जाएगी। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को 7100 रुपए तथा उपविजेता टीम को 4100 रुपए का पुरस्कार सेवा समिति की ओर से दिया जाएगा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सिंघाना एवं गुणीनीचा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें गुणीनीचा की टीम ने जीत दर्ज की। इस दौरान मंदिर परिसर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर मंदिर समिति की ओर से विशेष तैयारियां की जा रही है। तथा मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रभु दयाल, उप सरपंच जीवणराम, समिति कोषाध्यक्ष नोरंगलाल यादव, समिति उपाध्यक्ष शिवकरण यादव, सुमेर सिंह, देवेंद्र, राहुल, संदीप फौजी, बाबूलाल, मुकेश, कुलदीप सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## ऊंट रोग निदान एवं उपचार शिविर आयोजित



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** सुरेरा के निकटवर्ती ग्राम बेनिया का बास में पशुपालन विभाग दांतारामगढ़ के नेतृत्व में तीन दिवसीय ऊंट रोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालन विभाग की टीम ने ऊंटपालकों को उपचार एवं पशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाई। शिविर में डॉ. सुनीता कुमावत पशु चिकित्सालय करड़, पूरणमल खटीक पशु चिकित्सा उपकेंद्र भारीजा, शंकरलाल रैगर पशु चिकित्सा उपकेंद्र डांसरोली, कमल बिजारणियां पशु चिकित्सा उपकेंद्र मंडा एवं लक्ष्मीनारायण पशु परिचर करड़ ने सेवाएं दी। शिविर के दौरान 18 ऊंटों में सर्रा रोग का उपचार किया गया, जबकि 135 अन्य बीमारियों से ग्रसित ऊंटों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। शिविर से क्षेत्र के 53 ऊंटपालक लाभान्वित हुए। इसके अलावा पशुपालन विभाग की टीम ने बकरियों में फड़किया रोग तथा गायों में लम्पी बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण भी किया। शिविर के आयोजन से क्षेत्र के पशुपालकों को पशुओं के उपचार, जांच एवं टीकाकरण की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हुई।

## चिरानी में राजपूत एकता समारोह को लेकर ग्रामीणों की बैठक



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के चिरानी गांव में महाराजा नरदेव की स्मृति में आयोजित होने वाले केसरियामय राजपूत एकता समारोह को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक समाजबंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समारोह के दौरान महाराजा नरदेव की मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि महाराजा नरदेव की स्मृति में आयोजित होने वाला यह समारोह समाज की एकता और गौरव को समर्पित रहेगा। समारोह का आयोजन 7 सितंबर को पपुरना स्थित शाकंभरी माता मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को समारोह से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए ग्रामीणों की ओर से गांव.गांव जाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है। और उन्हें समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि समारोह में महाराजा नरदेव के जीवन, उनके योगदान और समाज के प्रति उनके आदर्शों को याद किया जाएगा। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारियां भी तय कीं। समाज के लोगों से अपील की गई कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर समारोह को सफल बनाएं और राजपूत एकता का परिचय दें। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, मुकेश सिंह, सुरेंद्र सिंह फौजी, शिंभू सिंह, कैप्टन गजराज सिंह, भूपसिंह, प्रकाश सिंह, जोगेंद्र सिंह, राजू सिंह, प्रदीप सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## महावीर इंटरनेशनल सैनिक स्कूल जयमलसर को भेंट की सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं डिस्पोजल मशीन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र की ओर से महिला एवं बाल कल्याण प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक सैनिक विद्यालय, जयमलसर को सेनेटरी पैड वेंडिंग एवं डिस्पोजल मशीन भेंट की गई। यह मशीन सर्वोत्तम पाइप इंडस्ट्रीज, नोखा के सौजन्य से उपलब्ध करवाई गई। केंद्र सचिव बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि जिला उद्योग संघ बीकानेर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओएसडी स्वाति शर्मा आईएएस एवं महाप्रबंधक, उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र बीकानेर मंजू नैण की गरिमामय उपस्थिति में सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य कीर्ति शेखावत को मशीन प्रदान की गई। मशीन का हस्तांतरण महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार हीरावत, जोन चेयरमैन टोडरमल चोपड़ा एवं सर्वोत्तम पाइप इंडस्ट्रीज के निदेशक जगदीश डागा ने किया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल पदाधिकारियों ने अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्यजनों का स्मृति चिन्ह तथा संस्था की मासिक पत्रिका श्महावीर प्रवाहश् भेंट कर स्वागत किया।

### मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान उद्यमी मतदाता संवाद एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओएसडी स्वाति शर्मा ने आगामी 9 एवं 11 सितंबर को होने वाले निकाय चुनावों में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान किया। महाप्रबंधक मंजू नैण ने उपस्थित लोगों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से निर्धारित शपथ दिलाई तथा आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य कीर्ति शेखावत ने विद्यालय के लिए मशीन उपलब्ध करवाने पर महावीर इंटरनेशनल नोखा एवं सर्वोत्तम पाइप इंडस्ट्रीज का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बीकानेर उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया, जैन महासभा बीकानेर अध्यक्ष कन्हैयालाल बोथरा, महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, ईश्वरचंद दूगड़, चंद्रकुमार राखेचा, प्रकाश मंत्री, रामेश्वर लाल छींपा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## दौ सौ से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाल वाहन चोर को दबोचा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की स्प्लेंडर प्लस बाइक भी बरामद की है। आरोपी पूर्व में नकबजनी और अवैध शराब तस्करी के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज के अनुसार मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदात करने वाले शातिर वाहन चोर सुनील चौधरी उर्फ श्योराम 26 पुत्र बालूराम जाट, निवासी गांव चितौड़ा, थाना रेनवाल मांझी जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ करणी विहार थाने में नकबजनी तथा मुहाना थाने में राजस्थान आबकारी अधिनियम का दर्ज है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

उससे वाहन चोरी की अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है। थानाधिकारी मुकेश कुमार खारड़िया ने बताया कि पुलिस की विशेष टीम ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों पर लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर दबिश देकर गिरफ्तार किया है।

## निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नगर निकाय चुनाव 2026 के अन्तर्गत आज शुक्रवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आंवटन की प्रक्रिया संपन्न की गई। जिसके अन्तर्गत राष्ट्रीय व मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों के अतिरिक्त निंदलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। नगर पालिका क्षेत्र के 45 वार्डों हेतु कुल 99 निंदलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये। 19 वार्डों में चुनाव चिन्ह का आवंटन लॉटरी द्वारा किया गया। नगर निकाय चुनाव 2026 के सभी प्रत्याशियों की सूची मय चुनाव चिन्ह कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में चस्पा कर दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190